संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -58 शुक्रवार,29 दिसम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### टीएसपीएससी ग्रूप-सेकंड परीक्षा तीसरी बार स्थगित




**हैदराबाद,28 दिसम्बर 2023(ए)।** तेलंगाना राज्य लोक सेवा आयोग (टीएसपीएससी) ने 6 और 7 जनवरी, 2024 को होने वाली ग्रुप- सेकंड परीक्षा स्थगित कर दी है। टीएसपीएससी ने घोषणा की कि परीक्षाओं की संशोधित तारीखों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। अगस्त के बाद से यह तीसरी बार है जब यह परीक्षा स्थगित की गई है।

### ऑफिस में घुसकर 3 बदमाशों ने की कारोबारी गोली मारकर हत्या



**रुड़की,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** उत्तराखंड के रुड़की में बदमाशों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें पुलिस का भी खौ़फ़ नहीं। रुड़की में बीती रात बदमाशों ने बीजेपी पार्षद के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।

तीन बाइक सवार बदमाश कारोबारी के ऑफिस में घुसे और उन पर गोलियां चला दी और फिर वहां से फरार हो गए।

गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ सिविल अस्पताल में जुट गई।

### पीएम और अन्य नेताओं ने डीएमडीके नेता विजयकांत के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** तमिल अभिनेता और देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) नेता विजयकांत के



निधन के बाद कई राजनीतिक हस्तियों ने अपनी संवेदना व्यक्त की। उनका 71 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, डीएमडीके संस्थापक थिरु विजयकांत जी के निधन से गहरा दुख हुआ। दिवंगत अभिनेता के सिनेमा और राजनीति में योगदान के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि सिनेमा और राजनीति में उनके योगदान ने लाखों लोगों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। इस कठिन समय के दौरान उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है।

# जमीन खरीद-फरोख्त मामले में फंसी प्रियंका गांधी

## ईडी ने पहले के आरोपपत्रों में प्रियंका वाड्रा का नाम लिया था,एजेंसी का दावा है कि उनके थंपी के साथ गहरे संबंध थे

**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** हरियाणा में पांच एकड़ जमीन की कथित खरीद फरोख्त को लेकर पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम ईडी के आरोपपत्र में शामिल किया गया है। प्रियंका के पति और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा का भी इस चार्जशीट में शामिल है। हालांकि उनमें से किसी को भी आरोपी के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया गया है। ईडी की चार्जशीट एक एनआरआई बिजनेसमैन सीसी थम्पी और भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के खिलाफ दायर की गई थी। ईडी का मानना है कि उन्होंने भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी की मदद की, जिस पर कानूनों के साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप है।

### चार्जशीट में रियल एस्टेट एजेंट संग प्रियंका के लेनदेन का जिक्र

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने प्रियंका गांधी वाड्रा के दिल्ली स्थित रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के साथ लेनदेन का जिक्र चार्जशीट में किया है। उन्होंने 2006 में फरीदाबाद में अपनी खेती की जमीन बेची थी और चार साल बाद फिर से वही ट्रैक्ट खरीदा. ईडी के सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया कि अप्रैल 2006 में फरीदाबाद के अमीपुर गांव में प्रियंका गांधी वाड्रा के नाम पर एक घर कथित तौर पर खरीदा गया था। उसी समय यह जमीन पाहवा को वापस बेच दी गई थी।

### जमीन खरीदकर वापस बेचने का मामला

एचएल पाहवा वही एजेंट हैं, जिनसे






प्रियंका वाड्रा ने कथित तौर पर 2005 और 2006 के बीच अमीपुर में 40.8 एकड़ जमीन खरीदी थी और दिसंबर 2010 में उसे वापस बेच दी थी। इसी तरह की डील थम्पी के साथ भी की गई थी। उनको जनवरी 2020 में गिरफ्तार किया गया था. ईडी के मुताबिक थंपी ने 2005 और 2008 के बीच एचएल पाहवा से उसी गांव में 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। ईडी ने पहले के आरोपपत्रों में प्रियंका वाड्रा का नाम लिया था. एजेंसी का दावा है कि उनके थंपी के साथ गहरे संबंध थे. हालांकि इस मामले में अब तक प्रियंका की कोई भी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. लेकिन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मीडिया से कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कई नेताओं के नाम ईडी के साथ जुड़े हुए हैं।

### राजनीतिक प्रतिक्रिया

कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गुट इंडिया की सदस्य आम आदमी पार्टी ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई के लिए ईडी पर हमला बोला. आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, यह कानून विपक्ष को निर्दोष साबित होने तक दोषी बनाता है और देश के दोषी साबित होने तक निर्दोष है।

### लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में बड़ा बदलाव!

पिछले हफ्ते कांग्रेस में बड़े संगठनात्मक फेरबदल किए गए। प्रियंका गांधी वाड्रा की जगह अविनाश पांडे को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया गया। पार्टी के इस कदम को राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. लोकसभा चुनाव के लिहाज से उत्तर प्रदेश बहुत हीमहत्वपूर्ण राज्य है। चुनाव में चार महीने से भी कम समय बचे हैं, जिसे देखते हुए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# निज्जर हत्याकांड पर बड़ा दावा!

- आरोपी अभी भी कनाडा में है और पुलिस की निगरानी में
- निज्जर को 2020 में भारत ने आतंकवादी घोषित किया था
- कनाडा का आरोप हत्या के पीछे भारत का हाथ




**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडा ने एक और बड़ा दावा किया है। स्थानीय अखबार द ग्लोब एंड मेल ने दावा किया है कि हमलावरों ने देश नहीं छोड़ा है लेकिन कनाडाई पुलिस जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। इसमें कहा गया कि पुलिस दोनों संदिग्धों पर नजर रख रही है और कुछ हफ्तों के भीतर उन्हें गिरफ्तार किये जाने की संभावना है।निज्जर की हत्या करने वाले लोगों ने कनाडा नहीं छोड़ा है। अखबार ने तीन सूत्रों की मदद से बताया कि वह कनाडा में रह रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस पिछले कुछ महीनों से उन पर नजर रख रही है। इसमें कहा गया है कि जब आरोप तय हो जाएंगे, तो पुलिस हत्या में अपनी भूमिका और भारत सरकार की कथित भूमिका के बारे में विस्तार से बात करेगी।निज्जर को 2020 में भारत ने आतंकवादी घोषित किया था। कनाडा ने आरोप लगाया था कि उनकी हत्या के पीछे भारत का हाथ है। निज्जर की पिछले जून में ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री ने अमेरिका का हवाला देते हुए भारत पर आरोप लगाया।

कुछ दिन पहले अमेरिका ने एक अन्य खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के मामले में एक भारतीय अधिकारी को गिरफ्तार करने का भी दावा किया था। इससे कनाडा और मजबूत हुआ है।

# यूपी पुलिस को है जयाप्रदा की तलाश

- जया प्रदा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट, आखिर क्या है मामला?
- जया प्रदा को 10 जनवरी तक गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश



**मुंबई,28 दिसम्बर 2023 (ए)।**बॉलीवुड की वरिष्ठ अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा की तलाश उत्तर प्रदेश पुलिस कर रही है। साथ ही पुलिस के पास गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट भी है। हाल ही में पुलिस की एक टीम जया प्रदा को गिरफ्तार करने शहजादनगर के निलावेनी कृष्णा विद्यालय ऑफ नर्सिंग पहुंची थी। लेकिन जया वहां नहीं मिली। अब पुलिस दिल्ली और मुंबई में उसकी तलाश कर रही है। जया प्रदा को 10 जनवरी तक गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।जया प्रदा के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दो मामले दर्ज किये गये हैं। ये दोनों मामले 2019 लोकसभा चुनाव से जुड़े हैं। जया प्रदा ने बीजेपी के टिकट पर रामपुर से चुनाव लड़ा था। सावर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। उन पर 19 अप्रैल को आचार संहिता लागू होने के बावजूद नूरपुर गांव में सड़क उद्घाटन कार्यक्रम में जाने का आरोप है। दूसरा मामला केमरी थाने का है। उन पर पिपलिया मिश्र गांव में आयोजित एक सार्वजनिक बैठक में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

# गर्भगृह में बालस्वरूप में बिराजेंगे रामलला
## इसलिए नहीं होगी मां सीता की मूर्ति साथ

- चंपत राय बोले- 4000 मजदूर 24 घंटे कर रहे काम,मंदिर निर्माण में लोहा का 0 प्रतिशत उपयोग



**अयोध्या,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** राम मंदिर 360 फीट लंबा और 235 फीट चौड़ा होगा। मंदिर का शिखर 161 फीट ऊंचा होगा। यह राम का वह रूप होगा, जिसमें वे 5 साल के बालक स्वरूप में होंगे। क्योंकि मूर्ति भगवान के बाल स्वरूप की है, इसलिए मंदिर में मां सीता की कोई मूर्ति नहीं होगी।

चंपत राय ने मिडिया को बताया कि परिसर के जिस गर्भगृह में रामलला विराजेंगे वहां पहुंचने के लिए 32 सीढ़ियां चढ़नी पड़ेंगी। सबसे खास बात यह है कि जो मूर्ति स्थापित होगी वह उस स्वरूप की होगी, जिसमें भगवान की शादी नहीं हुई है। यानी की मुख्य मंदिर में आपको मां सीता की मूर्ति नजर नहीं आएगी।

राममंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर 18 दरवाजे हैं। इनमें 14 दरवाजों पर सोने की परत चढ़ाई जा रही है। गाजियाबाद के ज्वेलर्स इस काम को कर रहे हैं। राम मंदिर का मैप है, जिसके जरिए चंपत राय ने मीडिया को ब्रीफ किया।

परकोटे के एक कोने पर सूर्य मंदिर होगा। दूसरे कोने पर भगवान शंकर का मंदिर है। तीसरे पर भगवती और चौथे पर गणेश और दक्षिणी भुजा पर हनुमान मंदिर होगा। जटायु की प्रतिमा को कुबेर टीला पर स्थापित किया जा रहा है।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा है। सूत्रों के मुताबिक, प्राण प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत और मंदिर के आचार्य (मुख्य पुजारी) मौजूद रहेंगे। सबसे पहले पीएम मोदी प्रभु श्रीराम को आईने में उनका चेहरा दिखाएंगे।

# पंजाब के बाद अब 26 जनवरी की परेड में नहीं दिखेगी दिल्ली की झांकी

- आप बोली-ऐसा करना दुर्भाग्यपूर्ण



**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** दिल्ली के कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस परेड के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। आज बृहस्पतिवार से गणतंत्र दिवस की परेड के लिए सुरक्षाकर्मियों की रिहर्सल शुरू की गई है। 26 जनवरी के दिन सुरक्षाकर्मी पूरी तैयारी और जोश के साथ अपना पराक्रम दिखाएंगे। ताजा जानकारी के मुताबिक, केंद्र सरकार ने 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस परेड के लिए दिल्ली की झांकी को अनुमति नहीं दी है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली और पंजाब की झांकी को गणतंत्र दिवस पर मौका न देना दुर्भाग्यपूर्ण है।

आप की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार आप की सरकारों को लेकर दुर्भावना से काम कर रही है। दिल्ली सरकार स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कराए गए कार्यों को लेकर झांकी तैयार करना चाहती थी जो केंद्र को पसंद नहीं आया है। दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान चंडीगढ़ की कोई भी झांकी दिखाई नहीं जाएगी। अब अधिकारी 2025 की परेड की तैयारी में जुट गए हैं। इस वर्ष 20 राज्यों की झांकियां दिखाई जाएंगी, लेकिन इसमें पंजाब की झांकी शामिल नहीं होगी।

# ईडी ने कोलकाता में कई ठिकानों पर की छापेमारी

### ईडी के लोग इस बात पर चुप्पी साधे हुए हैं कि इस चार्टर्ड अकाउंटेंट का इन केसों से क्या संबंध




**कोलकाता, 28 दिसम्बर 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल में स्कूल और नगर पालिकाओं में भर्ती मामलों को लेकर अपनी कार्रवाई की गति बढ़ा रहा है। ईडी की नौ अलग-अलग टीमें गुरुवार सुबह से कोलकाता में नौ अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चला रही हैं। ईडी टीमों के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मी भी हैं।घटनाक्रम से वाकिफ सूत्रों ने बताया कि छापेमारी उन लोगों के परिसरों पर की जा रही है जिनका स्कूल और नगर पालिकाओं की नौकरियों से जुड़े केस से संबंध है। ईडी फिलहाल जिन नौ स्थानों पर छापेमारी कर रही है उनमें से एक सेंट्रल कोलकाता के कैनिंग स्ट्रीट में चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेश दोशी का दफ्तर है। हालांकि, ईडी के लोग इस बात पर चुप्पी साधे हुए हैं कि इस चार्टर्ड अकाउंटेंट का इन केसों से क्या संबंध है। वहीं, एक अन्य टीम नॉर्थ कोलकाता के मानिकतला में एक पॉश हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में दो व्यापारियों, सुबोध सच्चर और अशोक धानुका के आवासों पर समानांतर तलाशी अभियान चला रही है।सूत्रों ने कहा कि भर्ती मामलों में पैसे के लेन-देन पर केंद्रीय एजेंसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट और व्यापारियों सहित कई व्यक्तियों की संलिप्तता की पहचान की है। उसी बारे में ये छापेमारी चल रही है।

सूत्रों के अनुसार, विदेशी हवाला लिंक मुख्य रूप से कोलकाता-मुंबई-दुबई मार्ग पर संचालित होते थे, जहां कोलकाता आय का स्रोत था और मुंबई के माध्यम से दुबई इसका अंतिम गंतव्य था।

सूत्रों ने कहा कि ईडी को पूरा यकीन है कि दुबई एकमात्र विदेशी हवाला लिंक नहीं है जिसका इस्तेमाल इन कथित घोटालों में पैसे के हेरफेर में किया गया। वर्तमान में अन्य विदेशी गंतव्यों पर नज़र रखने के संबंध में जांच चल रही है जहां इस पैसे को डायवर्ट और निवेश किया गया था।

# मेक इन इंडिया के तहत हथियार बनाएगा रूस

### राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को भेजा न्योता



**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** भारत ने एक बार फिर रूस के साथ अपने रिश्तों की सराहना की है। मॉस्को पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस एक मूल्यवान साझेदार है, समय की कसौटी पर परखा हुआ साझेदार है। इधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया है। खास बात है कि भारत और चीन दोनों ही ऐसी बड़ी शक्तियां हैं, जो यूक्रेन पर आक्रमण को लेकर खुलकर रूस की आलोचना नहीं की।

जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' में पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने जयशंकर से कहा, 'हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।'रूस की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने इससे पहले अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। लावरोव के साथ अपनी बातचीत के बाद संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन अगले साल वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। इससे पहले अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में जयशंकर ने कहा कि दोनों नेता लगातार संपर्क में रहे हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मेरी चर्चाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने पर उनके मार्गदर्शन की सराहना की।'जयशंकर ने यहां रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ 'सार्थक' बैठक की और इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर बात की। रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने लावरोव के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन संघर्ष, गाजा की स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, ऊर्जा व्यापार, कनेक्टिविटी प्रयासों, सैन्य-तकनीकी सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क में हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 2024-28 की अवधि के लिए परामर्श प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। भारत-रूस संबंध भू-राजनीतिक वास्तविकताओं, रणनीतिक भागीदारी और पारस्परिक लाभ को दर्शाते हैं।

## संपादकीय

### यह एक नई चुनौती

यह बात स्वीकार करने की जरूरत है कि तकनीक के विकासक्रम को रोका नहीं जा सकता। जो काम किया जा सकता है, वो यह है कि नई चुनौती के मद्देनजर नीतियां तैयार की जाएं और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को नई परिस्थितियों के अनुरूप ढाला जाए।

भारत में शिक्षित बेरोजगारी की समस्या पहले से ही गंभीर है। अब ऊपर से एक नई परिस्थिति आ खड़ी हुई है। खबर है कि जानी-मानी कंपनी वन-97 कम्युनिकेशन लिमिटेड पेटीएम ने अपने सेल्स और इंजीनियरिंग समेत कई विभागों में छंटनी की है। कंपनी प्रवक्ता के मुताबिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) अपनाने के कारण सेल्स और इंजीनियरिंग में ज्यादातर नौकरियां प्रभावित हुई हैं। साफ है कि एआई के कारण कंपनियों में ऑटोमेशन की प्रक्रिया काफी तेज होने जा रही है। इससे कंपनियों में उत्पादकता को बढ़ती जाएगी, लेकिन रोजगार के अवसर सिकुड़ेंगे। इससे समाज में गैर-बराबरी और बढ़ेगी। गैर-बराबरी से भी बड़ी समस्या यह है कि चूंकि रोजगार के अवसर कम होते जाएंगे, इसलिए घोर अभाव में जीने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। एक अमेरिकी शोधकर्ता ने कुछ समय पहले दावा किया था कि आने वाले कुछ ही सालों में एआई इंसान से 80 प्रतिशत तक नौकरियां छीन सकता है। बहरहाल, यह बात स्वीकार करने की जरूरत है कि तकनीक के विकासक्रम को रोका नहीं जा सकता। ना ही आधुनिकतम तकनीक को अपनाने से किसी को रोकना संभव है। जो काम किया जा सकता है, वो यह है कि नई चुनौती के मद्देनजर नीतियां तैयार की जाएं और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को नई परिस्थितियों के अनुरूप ढाला जाए। लेकिन यह तभी संभव है, जब इस रूढ़ सोच से नीति निर्माता बाहर निकलें कि अर्थव्यवस्था में सरकार की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। चुनौती यह है कि अगर निजी क्षेत्र तकनीक प्रेरित उत्पादकता वृद्धि के जरिए अपने मुनाफे को बढ़ाने की राह पर जा रहा है, तो सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के जरिए समाज में किस प्रकार का हस्तक्षेप करे, जिससे सभी लोग बुनियादी सुविधाओं के साथ जी सकें। इसके लिए जरूरी होगा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसे क्षेत्रों को फिर से सार्वजनिक क्षेत्र में लिया जाए और वहां विशाल पैमाने पर निवेश हो। सार्वजनिक क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा का मजबूत ढांचा भी खड़ा करना जरूरी होगा। इस मकसद से संसाधन जुटाने के लिए सरकारें चाहें, तो एआई प्रेरित उत्पादकता वृद्धि से बढ़ने वाले मुनाफे पर ऊंचा टैक्स लगा सकती हैं। वरना, सामाजिक अशांति का खतरा बढ़ता जाएगा।

# 24 में 76 देशों में लोकतंत्र की परीक्षा!

सन् 2024 चुनावों का साल होगा। दुनिया के कोई 76 देशों में चुनावी राजनीति, ध्रुवीकरण, तू-तू मैं-मैं और कहासुनी की बहार होगी। प्रतिद्वंदी पार्टियों के बीच विवाद होगें। सहयोगी पार्टियों के बीच भी।सो जहा युद्ध की राजनीति पृष्ठभूमि में चली जाएगी वही सोशल मीडिया पर, टीवी पर, घरों में और पार्कों में भी बहस-मुबाहिसे होंगे। खूब नाटक-नौटंकी होगी और वह भी पैसा वसूल से।

खबरों के मुताबिक दुनिया की लगभग आधी आबादी 2024 में वोट डालेगी। मतलब यह कि आज तक किसी भी साल में उतने वोट नहीं डाले गए होंगे, जितने अगली साल डाले जाएंगे। दुनिया के दस सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों में से आठ बांग्लादेश, ब्राजील, भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, पाकिस्तान, रूस और अमेरिका में 2024 में चुनाव होंगे। और दिलचस्प किंतु साथ ही चिंताजनक तथ्य यह है कि चुनाव वाले इन देशों में लोकतंत्र की परीक्षा भी होगी।

निश्चित है कि बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान और रूस में चुनाव मात्र एक दिखावा, सिर्फ ढकोसला होंगे, और इनसे सत्ता में कोई बदलाव नहीं होगा। ताईवान में इस चुनाव में यह तय होगा कि वह चीन के चंगुल में रहेगा या उससे मुक्त होगा। चीन से ताईवान के संबंध कैसे होंगे, यह इस चुनाव में निर्धारित होगा। सम्भावना यही है कि स्वतंत्रता-समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी राष्ट्रपति पद एवं संसद पर काबिज रहेगी।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो राजनीति में अपने वंश की जड़ें मजबूत करने में जुटे हैं। इसके अलावा यूक्रेन भी है, जो युद्ध में उलझा रहेगा। राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने देश में चुनाव होने की संभावना से इस तथ्य के बावजूद इंकार नहीं किया है कि वहां मार्शल लॉ लागू है जिसके अंतर्गत चुनाव करवाना प्रतिबंधित है। ऐसा चुनाव कभी भी पुर्णतः स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं हो सकता जब देश के एक हिस्से पर विदेशी कब्जा है और दसियों लाख यूक्रेनी अपने घर छोड़कर विस्थापित हैं। इन हालातों में यह तय मानना चाहिए कि जेलेंस्की ही राष्ट्रपति पद पर काबिज रहेंगे।

अफ्रीका सबसे अधिक चुनावों वाला महाद्वीप है। लेकिन वहां मतदाताओं का लोकतांत्रिक प्रणाली से मोहभंग हो गया है। वहां हुई रायशुमारियों से पता लगता है कि अधिकाधिक अफ्रीकी सैन्य शासन के पक्ष में होते जा रहे हैं। वहां तख्तापलट की घटनाएं भी बढती जा रही हैं और 2020 से लेकर अब तक इस तरह के नौ सत्ता परिवर्तन हो चुके हैं। सबसे ज्यादा ध्यान दक्षिण अफ्रीका पर होगा जहां एक विभाजित एवं कमजोर विपक्ष होने के कारण भ्रष्टाचार और घोटालों के कई मामलों के बावजूद यह लगभग निश्चित है कि सत्ताधारी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस दुबारा चुनाव जीत जाएगी।

लेकिन सबसे बड़े चुनाव होंगे भारत और अमरीका में। भारत में



चुनाव का आकार और उनका कैनवास दुनिया के किसी भी अन्य चुनाव से बड़ा होता है। हमारे यहां चुनाव में जाति, धर्म, अन्य सभी प्रकार के विभाजन, रेवड़ी, अहं का टकराव, अपनी ढपली बजाना आदि सभी की भूमिका होती है। जाहिर है कि भारत में 2024 नए-नए जुमलों और खूब कहा-सुनी का साल होगा। एक ऐसा साल जिसमें 'संयुक्त विपक्ष' की शक्ति का मुकाबला नरेन्द्र मोदी की ताकत और उनके प्रति जुनून से होगा। यह चुनाव इंडिया बनाम भारत, लोकतंत्र बनाम लोकलुभावनवाद का होगा। यह एक ऐसा चुनाव होगा जिनमें अन्य रूटीन मुद्दों के अतिरिक्त लोगों के मन में भारत के 'विश्व गुरू' बनने का इलहाम होगा। मीडियाकर्मी देश के कोने-कोने में पहुचेंगे, अपने-आप आकलन और धारणाओं का खुलासा करेगें और मोदी के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर की चर्चा होगी। मगर दीवारों से लेकर आसमान तक सब जगह बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा होगा मोदी फिर से। हाँ, भारत में भी बांग्लादेश, मेक्सिको, पाकिस्तान, रूस और यूक्रेन की तरह सत्ता परिवर्तन नहीं होगा। पिछले दस सालों में भारत में भी हालात बिगड़े हैं और यहां के लोकतंत्र में नुक्स पैदा हो गए हैं। लेकिन हमारे पड़ोसियों और रूस की तुलना में, जहां तानाशाही का बोलबाला है और जहां लोकतंत्र का केवल 'दिखावा' किया जाता है, भारत में चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होंगे (ईव्हीएम हैक किए जाने की बातें कोरी बकवास हैं)। और यदि ईश्वर ने विपक्ष का साथ देने का मन बना लिया तो हो सकता है कि बदलाव भी हो जाए। मगर हमें यह स्वीकार करना ही होगा कि पिछले कुछ सालों में हमारा राजनैतिक तंत्र कमजोर हुआ है। प्रेस का ज्यादातर हिस्सा वैसी खबरें ही देगा जैसी देने के लिए उसे कहा जाएगा, अधिकारी उसी तरह से काम करेंगे जैसा करने के निर्देश उन्हें दिए जाएंगे। जहां राहुल गांधी भारत की आत्मा की रक्षा का आव्हान करेंगे वहीं नरेन्द्र मोदी भारत की आत्मा की 'भ्रष्ट इंडिया' से बचाने का दावा करेंगे। प्रचार की आंधी में लोगों का कॉमन सेंस सूखे पत्ते के तरह उड़ हुआ होगा।

एक अन्य देश जहां ठीक यही होगा वह है संयुक्त राज्य अमरीका। वहां साल के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होगा। चुनाव प्रचार कटुतापूर्ण, बल्कि ज़हरीला और देशा को ध्रुवीकृत करने वाले होगा और ऐसा होना सारी दुनिया की राजनीति के लिए बुरा होगा। यह स्पष्ट हो चुका है कि इस चुनाव में वही दो बड़े मियां भिड़ेंगे, जिनके बीच पिछला चुनाव हुआ था। और वह भी तब जबकि ज्यादातर मतदाता नहीं चाहते कि इन दोनों में से कोई भी उम्मीदवार बने। यह उम्मीद करना बेकार है कि अंतिम क्षणों में रिपब्लिकनों के रूख में ऐसा बदलाव आएगा जिसके नतीजे में ट्रंप का नामांकन न हो। ऐसे व्यक्ति का नामांकन करना जिसने पिछले चुनाव के नतीजों को पलटने का प्रयास किया था, अपने आप में अमरीका के लोकतंत्र के प्रकाशस्तंभ होने की छवि को धूमिल करता है। हालांकि ट्रंप को उनके अपराधों के लिए सजा भी सुनायी जा सकती है लेकिन ऐसा होगा यह सोचना नाउम्मीदी के तूफ़ान में उम्मीद का दीया जलाने जैसा होगा। ट्रंप के चुनाव जीतने की संभावना, जो बाइडन की अलोकप्रियता के कारण चिंताजनक स्तर तक बढ़ गई है।

जो भी हो, जैसा कि मैंने कहा, 2024 दिलचस्प और चिंताजनक साल होगा। नरेन्द्र मोदी भले ही कितने बड़े मसीहा क्यों न हों, उनकी एक और जीत देश के लिए शुभ नहीं होगी। डोनाल्ड ट्रंप के दुबारा व्हाइट हाउस में प्रवेश के दुष्परिणाम सारी दुनिया को भुगतने पड़ेंगे। ये दोनों चुनाव लोकतंत्र को बचाने का कवायद नहीं होंगे बल्कि प्रबल संभावना यह है कि यह एक ऐसे चुनाव होंगे जिनसे लोकतंत्र घायल ही होगा।

**-श्रुति व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोर भुईयाँ के करवँ गुनगान

मोर भुईयाँ के करवँ गुनगान<br>
तोर महिमा है जग म महान।<br>
तोर कतका करवँ मैं ह बखान<br>
तोर गढ़ हे इहाँ सरग समान।<br>
ए माटी ह हावय पावन भुईयाँ<br>
जन-जन ह तोर ध्यान धरईया।<br>
नित-नित हे तोर मान करईया<br>
तोर माटी ल हे माथ लगईया।<br>
तँय हर देवी तँय हर ओ माता<br>
जनम-जनम के तोर से नाता।<br>
तहीं ह माता तहीं ओ बरदाता<br>
तय ममता तय भाग्य विधाता।<br>
छत्तीस ठन तोर कुरिया-डेहरी<br>
छत्तीस-ठन हे तोर घर-दुवारी।<br>
तहीं हर,माता सब्बो के दुलारी<br>
तयँ हर बने सब्बो के महतारी।<br>
तोर कोरा हावय सरग ले बड़के<br>
तोर महिमा हावय अड़बड़ भारी<br>
तोर अँचरा हावय शीतल छईहाँ<br>
चारो धाम बरोबर सुग्घर न्यारी।



**अशोक पटेल आशु**<br>
शिवरीनारायण<br>
छत्तीसगढ

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कांग्रेस की जाट राजनीति का टूल हैं पहलवान

किसान आंदोलन की समाप्ति के बाद से देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पहलवानों के जरिए अपनी जाट राजनीति को आगे बढ़ा रही है। कांग्रेस की इस राजनीति में अतिमहत्वकांक्षी पहलवान शामिल हैं। साक्षी मलिक की कुश्ती से संन्यास, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट की सम्मान वापसी इसी ओर इशारा करती है कि, पहलवानों को न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। नाराज पहलवानों से मिलने प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी का पहुंचना पूरी तरह साफ करता है कि, पहलवान कांग्रेस के की जाट राजनीति के टूल हैं। पहलवान आंदोलन में हरियाणा के युवा जाट नेता और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की सहभागिता और सक्रियता सार्वजनिक है। जंतर मंतर में पहलवानों के धरने के दौरान प्रियंका पहलवानों से मिलने गई थी। ऊपरी तौर पर लड़ाई भले ही पहलवानों और कुश्ती संघ के बीच दिखाई देती हो, लेकिन इसके जड़ में जाट वोटों की राजनीति है।

माना जाता है कि देश में जाट बिरादरी की आबादी कुल जनसंख्या का 6 फीसदी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में जाटों की आबादी अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। दिल्ली और इससे सटे राज्यों की करीब 40 लोकसभा सीटों पर जाट वोटरों का सीधा प्रभाव है। हरियाणा में जाटों की आबादी 25 फीसदी है। पंजाब में भी जाटों की जनसंख्या 25 से 30 प्रतिशत आंकी जाती है। राजस्थान में 12 और दिल्ली में 12 फीसदी आबादी इसी बिरादरी की है। 22 करोड़ की जनसंख्या वाले यूपी में जाटों की आबादी महज दो फीसदी मानी जाती है, मगर पश्चिम उत्तर प्रदेश की 18 लोकसभा सीटों पर जाति का दबदबा है।

हरियाणा में पिछले दस साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। किसान आंदोलन के बाद से कांग्रेस को हरियाणा में राजनीतिक संभावनाएं अपने पक्ष में दिखाई देती हैं। उसे लगता है कि किसान और पहलवानों के कंधों पर सवार होकर भाजपा को हरियाणा की सत्ता से बाहर किया जा सकता है। वहीं लोकसभा चुनाव में हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के जाट वोटरों के प्रभाव वाली सीटों में भी उसे इसका फायदा मिलेगा।

जाट बिरादरी के बड़े गढ़ हरियाणा में कांग्रेस पिछले दस साल से सत्ता से दूर है। हरियाणा से गांधी परिवार के करीबी कई बड़े जाट नेता हैं। जिनमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाल, दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख हैं। लेकिन इन नेताओं के सारे यत्नों और प्रपंचों के बावजूद हरियाणा में उनकी दाल गल नहीं रही। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटों पर मोदी की सुनामी के आगे किसी राजनीतिक दल की नहीं चली। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी धराशायी हो गई। भाजपा ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए यहां सभी दस सीटों पर विजय पताका फहराई थी।कांग्रेस के बड़े जाट नेता भूपेंद्र हुड्डा सोनीपत और उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से हार गए। भूपेंद्र और दीपेंद्र के अलावा कांग्रेस के दिग्गज नेता कुमारी शैलजा, निर्मल सिंह, कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर, कैप्टन अजय यादव और अवतार भड़ाना को भी हार का मुंह देखना पड़ा। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस और इंडियन नेशनल लोकदल यानी इनेलो को हराकर हरियाणा में सात सीटें जीती थी। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से जीते थे। इनेलो ने हिसार व सिरसा की दो सीटें जीती थी। साल 2014 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 90 सीटों में से 47 पर विजय हासिल कर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 40 सीटें जीती और दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी यानी जजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। पिछले दस साल से बीजेपी की हरियाणा में सरकार है। जाट बहुल जनसंख्या वाले राज्य हरियाणा में बीजेपी की मजबूती और पकड़ कांग्रेस को अखर रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस ने किसी न किसी तरह मनोहर लाल की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। जाट आरक्षण, किसान आंदोलन और पहलवान आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका सार्वजनिक है।

**-डॉ.आशीष वशिष्ठ-**

# तापमान भले शून्य हो पर सहनशक्ति शून्य नहीं होनी चाहिए

समाज में जो भी दंपति, परिवार,नौकरी और धंधा टिका है, उसका रहस्य इसमें



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**<br>
नोएडा<br>
उत्तरप्रदेश

किसी एक का त्याग और सहनशक्ति होती है।

एक बार जंगल में हिम वर्षा हुई। इसके बाद वहां इतनी तेज ठंड पड़ी कि उस ठंड में तमाम छोटेमोटे जानवरों की मौत हो गई। इस ठंड में जंगल में रहने वाली साहियां भी हिम्मत हार गई और उन्हें अपनी मौत सामने दिखाई देने लगी।

एक बुजुर्ग साही ने जंगल की तमाम साहियों को बुला कर मीटिंग की। उस बुजुर्ग साही ने एक उपाय सुझाया कि हम सभी को एकदूसरे से चिपक कर बैठ जाना चाहिए। इससे हम सभी को गर्मी मिलेगी। दो-तीन दिनों में ठंड कम हो जाएगी।

साहियों को उस बुजुर्ग साही का यह प्रस्ताव उचित लगा। उस बुजुर्ग साही ने जो युक्ति बताई थी, उसी के अनुसार सभी साही एक-दूसरे से चिपक कर बैठ गई। इससे थोड़ी-थोड़ी गर्मी आने लगी। तभी इस समूह में जो युवा साही थीं, वे भी इस समूह में चिपक कर बैठी थीं, वे समूह से बाहर निकल गई। उन्होंने बुजुर्ग साही पर रोष व्यक्त हुए कहा कि आप के समूह में हमें इस तरह नहीं रहना। ठंडी से बचने का यह बिना बुद्धि का कैसा प्रयोग है। आप सभी को इस तरह चिपक कर बैठने से एक-दूसरे का कांटा नहीं चुभता? हमें तो शूल भोंकने जितनी तकलीफ होती है। देखो न खून भी निकलने लगा है।

यह कह कर युवा साहियों ने समूह से बाहर रहने का निर्णय लिया। अन्य साहियां भी यह सुन कर समूह से बाहर निकल जाना चाहती थीं। तब उस बुजुर्ग साही ने उन्हें समझाया कि मैं आप सभी से विनती करता हूं कि कुछ घंटे आप लोग इसी तरह चिपकी रहें। इससे परीक्षा लेने वाला यह समय बीत जाएगा।

बुजुर्ग साही की विनती सुन कर बाकी की साहियां मान गई और एक-दूसरे से चिपक कर बैठ गई। बुजुर्ग साही ने विरोध करने वाली उन युवा साहियों से भी समूह में आने की विनती की, पर वे नहीं मानीं। थोड़ा समय बीता। ठंड तो जान लेने वाली थी। समूह से अलग होने वाली युवा साहियों में कुछ ठंड से कांपने लगीं। पर वे समूह में शामिल नहीं हुईं, जिससे उनमें से दो साहियों की मौत हो गई। यह देख कर विरोध करने वाली अन्य युवा साहियां, जो समूह से अलग हो कर अकेले ठंड से कांप रही थीं, उन्होंने स्वीकार किया कि बुजुर्ग साही के सुझाव के अनुसार हम चिपक कर बैठती हैं तो बगल की साही के कांटे भले ही पीछे चुभते हैं। उसी तरह हम से चिपक कर बैठने वाली साही को भी तो हमारे कांटे चुभते होंगे। पर वे तकलीफ की शिकायत कर के समूह से बाहर नहीं आई और उस तकलीफ को सह रही हैं।

अन्य एक युवा साही, जिसकी कंपकंपाहट चिंताजनक रूप से बढ़ रही थी, वह दांत किटकाटाते हुए धीमी आवाज में बोली कि समूह में रह कर हमें भले ही एक-दूसरे के कांटों से तकलीफ हो रही थी, पर हमें ठंडी से तो राहत मिल रही थी। हम कुछ समय उस पीड़ा को सहन कर के उस समूह में शामिल हो कर अपनी जान तो बचा सकेंगीं। यहां इस तरह पीड़ा सहम करने से मुक्ति और आजादी का अहसास जरूर पा सकते हैं, पर समय के साथ मौत आ जाए तो इससे अच्छा है कि हम भी समूह में शामिल हो कर लोगों को गर्मी देने में योगदान दें और इस बुरे समय को बिता कर अपनी जान बचाएं। सभी युवा साहियां बुजुर्ग साही का आभार व्यक्त करते हुए समूह में शामिल हो कर एक-दूसरे से चिपक कर बैठ गईं। अब समूह की अन्य साहियों अधिक गर्मी मिलने लगी, जिससे जीने का सहारा मिल गया। इस तरह सभी को जिएंगे और जिंदगी देंगें का मंत्र मिल गया। हंसते-हंसते सभी ने एक-दूसरे के कांटे की वेदना सहन कर ली। मरने की अपेक्षा घायल होना अच्छा है, यह सोच कर सभी साहियां एक-दूसरे से चिपकी रहीं। मौसम तो वैसे भी करवट बदलने वाला था। एक दो दिन में मौसम बदला और ठंड कम हो गई।

बुजुर्ग साही का आभार व्यक्त करते हुए सभी साहियां खुश होते हुए अलग हुईं। जाते जाते बुजुर्ग साही ने कहा कि हम सभी भले ही अलग हो रही हैं, पर मन में यह बात हमेशा याद रखना कि जरूरत पड़ने पर हम सब एक साथ हो जाएंगे और एक साथ रहेंगे और थोड़ा सहन करेंगे तो किसी भी परिस्थिति से निपट सकेंगे।

इस घटना के बाद हर साही भले ही अकेली रहती है, पर उसे लगता है कि एक आवाज पर सब इकट्ठा हो जाएंगी और यही हमारा परिवार है। यह साहियां अब निर्भीक हो कर आराम से रह रही हैं। अन्य जानवरों को भी पता है कि एक भी साही को परेशान किया तो साहियों की टोली इकट्ठा हो जाएगी।

यह घटना ऐसी है, जिस पर अनेक बोध कथाएं लिखी जा सकती हैं। आज हम देखते हैं कि लोगों की सहनशक्ति शून्य हो गई है। जिसके लिए जीरो टोलरंस शब्द का प्रयोजन होता है। उस युवा साही जैसी सहनशक्ति होने के कारण हमें जहां सुख,शांति और सुरक्षा मिलती है, उस परिवार, उस नौकरी या धंधे में जरा भी तकलीफ या आजादी छिन रही हो तो आज लोग किनारा कर लेते हैं। दांपत्यजीवन तकलीफदेह बना है, इसका भी यही कारण है। कितने परिवार, कर्मचारी या व्यवसाय करने वाले यह कहने में हमेशा गर्व महसूस करते हैं कि हम तो किसी की नहीं सुनते, कोई थका देने वाली मेहनत कराए तो हम साफ मना कर देते हैं।

इस तरह के स्वभाव वाले बाद में भरपेट पछताते हैं और जिंदगी बरबाद कर देते हैं। कूछ तो डिप्रेशन में आ जाते हैं और आत्महत्या कर लेते हैं।

पहले के जमाने में और आज के जमाने में भी ऐसे परिवार हैं, जो संयुक्त परिवार में रहते हैं। उसी तरह धंधा करते हैं। इनकी उन्नति हुई है। वे अच्छी तरह हर प्रसंग भी निपटाते हैं। अगर इनसे परिवार के साथ इस तरह रहने का रहस्य पूछा जाए तो कहेंगे कि थोड़ा सहन करना, एक-दूसरे की बातों पर ध्यान न देना और अहंकार तो बिलकुल नहीं रखना। कभी हम उनकी बात मानते हैं तो कभी वे हमारी बात मानते हैं।

संयुक्त परिवार तो अब दूर की बात हैर पति, पत्नी और दो बच्चों में ऐसे संबंध हैं कि इनमें कोई एक समय और संयोग देख कर किसी की बात सहन नहीः करता। सभी को अपना अलग-अलग व्यक्तित्व बनाए रखने की हमेशा ललक होती है। दोनों को अपने अहंकार,एक-दूसरे में मिल कर हम एक हैं यह भावना तो अब कविता या हिंदी फिल्मों के गानों में भी देखने सुनने को नहीं मिलती। किसी को भी अपने कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आना। जरा भी किसी को कुछ कह दिया जाए तो बवाल मच जाता है। इस बात का अनुभव तो होता है कि इस तरह रहने में आनंद नहीं है। हम स्मार्ट हैं, यह दिखाने में हर कोई प्लान बी रखता है, पर जीवन में अगर कोई एक तरह से सुखी नहीं है तो जो आदर्श मार्ग है, उस प्लान बी के अनुसार रहने का प्रयत्न नहीं करता। साही के जिस युवा समूह को अपना जीवन बचाना हो, तो उसे एक-दूसरे से चिपक कर थोड़ी पीड़ा सहनी होगी इसके लिए तैयार नहीं है। इनमें सहनशक्ति नहीं है। साथ रहने से प्यार का अनुभव करने के बजाय घबराहट होती है। यह तो ठीक है कि उनके साथी की ठंड से मौत हो गई तो उनकी समझ में आ गया कि पीड़ा सह कर साथ रहेंगे, तभी बचेंगे। पर आज तो नजरों के सामने ही जीरो टोलरंस की वजह से कितने परिवार, दंपति टूटते दिखते हैं, फिर भी कोई समाधान नहीं है।

आफिस में भी कभी कर्मचारियों को थोड़ा पहले आना पड़े या देर तक रुकना पड़े तो वे तड़ से नौकरी छोड़ने तक को तैयार हो जाते हैं। इसके बाद बिना नौकरी का हो कर कैसे आजीविका चलेगी?अमुक बास या सह कर्मचारी का स्वभाव जान कर उसे स्वीकार किया जा सकता है। कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि परिवार, दांपत्यजीवन या नौकरी धंधे में सहन ही करते रहें, अच्छी तरह अलग हुआ जा सकता है। पर आप इतना तो समझदार हैं ही कि कहने का मर्म समझ सकते हैं। माता, पिता, पति या पत्नी और संतानों से लेकर बास तक को कुछ न अच्छा लगता हो तो उसे समझ लेना चाहिए। सहनशक्ति की भी एक हद होती है। लेकिन कुछ लोग जरा सी बात में उबल पड़ते हैं। इसे शून्य सहनशक्ति कहते हैं। अमुक समय और संयोग में सहन कर लेना ठीक है। साहियों ने भी ठंडी कम होने तक एक-दूसरे के कांटों की पीड़ा सही थी।यह हमेशा के लिए नहीं था। इसी तरह हमें भी किसी व्यक्ति या समूह के साथ रहना हो, जो एक निर्धारित समय तक सीमित हो, जिसे सहन करने से सुख, शांति और प्रगति हो रही हो तो समय को ध्यान में रख कर व्यक्ति या समूह को सहन करना चाहिए। हम साही जैसे कांटे बनते जा रहे हैं। बर्फ जैसे ठंठे संबंधों को तोड़ने के बजाय एक-दूसरे की थोड़ी पीड़ा बांट लेनी चाहिए। जीरो डिग्री तापमान में जीरो टोलरंस ठीक नहीं है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## दिसम्बर कह रहा हमसे

दिसंबर कह रहा हमसे,<br>
मैं तो जा रहा हूँ<br>
पर तुम्हारी झोली में<br>
जनवरी को भेज रहा हूँ ।<br>
मुझसे बिछड़ने का दुख तो होगा,<br>
मगर नई आशाओं का<br>
इंतजार भी तो होगा।<br>
नयी उमंग,नये सपनों के संग सजाना,<br>
मेरा क्या,मुझसे बिछड़ने का<br>
थोड़ा गम मना लेना।<br>
सुख-दुख जो तुमने मेरे साथ पाये है ।<br>
उन पलों की स्मृतियों को<br>
तस्वीर में कैद कर लेना।<br>
तुम नव सृजन को सजाते रहना....।<br>
मेरा क्या है, मैं तो हर साल आता हूँ।<br>
पथ के पथिक को<br>
मंजिल तक ले जाता हूँ।<br>
मेरा साथ छूटने का<br>
तुम गम नही करना,<br>
जनवरी में तुम<br>
दिसंबर को खोज लेना।



**गरिमा राकेश गर्विता**<br>
कोटा<br>
राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## का जमाना आगे संस्कार ह नदावत हे

लोगन अपन भारतीय संस्कृति<br>
अउ सभ्यता ल छोड़ के,<br>
पश्चिमी संस्कृति तनी भागत हे।<br>
का जमाना आगे संस्कार ह नदावत हे<br>
टूरा ह अपन बाल ल बड़ावत हे।<br>
टूरी ह जींस पहिन के<br>
गली गली घुमत हे।<br>
लाज शर्म हया ल छोड़,<br>
सब फैशन मे दौड़त हे,<br>
का जमाना आगे संस्कार ह नदावत हे<br>
जब ले मोबाइल आहे घंटो घंटो<br>
टूरी टूरा फोन में बात करत हे।<br>
अउ दाई ददा के मर्जी बिना<br>
मनपसंद शादी करत हे<br>
का जमाना आगे<br>
संस्कार ह नदावत हे।<br>
नशा हे खराब झन पीहू शराब,<br>
कहि के बाप ह अपन लइका ल<br>
समझावत हे,<br>
तभो लइका ह नही मानत हे।<br>
का जमाना आगे संस्कार ह नदावत हे।<br>
दाई ददा के कोन काहे लइका मन<br>
गुरुजी के बात नही मानत हे।<br>
का जमाना आगे संस्कार ह नदावत हे।



**श्याम सुंदर साहू**<br>
राजिम<br>
गरियाबंद<br>
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## श्री राम आ रहे हैं !

अयोध्या में श्रीराम का भव्य मंदिर बन कर लगभग तैयार है। बाबरी मस्जिद विवाद के बाद सन् 2020 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जो स्थान हिन्दू पक्ष को मिला था वहां एक भव्य राम मंदिर लगभग बनकर तैयार है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार केन्द्र सरकार को एक समिति बनानी थी जो राम मंदिर के निर्माण को तैयार करेगी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश श्री गोगाई को केन्द्र की संस्तुति के बाद राष्ट्रपति ने राज्य सभा में नामित भी किया था। कुल मिलाकर ऐसा माहौल तैयार किया गया है मानो श्री राम का भव्य मंदिर केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बनवा रहा है। टी.वी. चैनलों में आ रहा है कि योगी जी आये दिन मन्दिर का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि प्रगति को जांच सकें। दिवाली पर कई लाख %दिये% जलाकर रिकार्ड कायम किया जा रहा है। कोई भी टी.वी. चैनल या प्रिन्ट मीडिया विज्ञापन की आय के बिना चल नहीं सकता । इसी से मजबूरी से या स्वार्थवश लगभग सभी टी.वी. एंकर सत्ताधारी पार्टी के गुणगान में लगे रहते हैं। इसी से उन्हें प्रधानमंत्री या अन्य मंत्रियों के साथ विदेश जाने का हवाई सफर मिल जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने जब आपातकाल घोषित किया था, तब मात्र एक अंग्रेजी दैनिक ने खुलकर प्रतिरोध किया था, और उसे इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा। तब 26 जनवरी को आयोजित कवि सम्मेलन में राज सत्ता का ही गुणगान सुनाई पड़ता था। इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद सिखों का जो नरसंहार हुआ उस पर स्पष्टतः कौन सा टी.वी. वालों?



अस्तु, अब 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री मोदी श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा करने जा रहे हैं। हिन्दुत्व की दुन्दुभी बजाने वाले भी नहीं जानते कि 22 जनवरी 2024 को पौष शुक्ल द्वादशी है । हिन्दू शास्त्रों में पूर्णिमा और एकादशी का विशेष महत्व माना जाता है।

13 जनवरी के पंचक प्रारंभ हो रहे हैं। 21 जनवरी को पुत्रदा एकादशी है । उस दिन पौष शुक्ल एकादशी है, दक्षिण भारत में उसे बैकुण्ठ एकादशी भी कहते हैं। उस दिन रोहिणी नक्षत्र है। फिर भी इस आयोजन में लगे पदाधिकारियों ने कुछ सोच समझकर 22 जनवरी तय की होगी।

देश में अधिकृत पांच शंकराचार्य हैं। चार शंकराचार्य चार पीठों के रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीनाथ और पुरी । कॉची कामकोटि पीठ आदि शंकराचार्य की स्थली है। अतः वहां के शंकराचार्य बहुत प्रतिष्ठित माने जाते हैं। यूं अब बहुत से संत महात्मा अपने को शंकराचार्य लिखते हैं। शंकराचार्यों के पास जो दण्ड रहता है वह शुचिता का प्रतीक है। अब आयोजकों ने प्रधानमंत्री से प्राण प्रतिष्ठा करवाना उचित समझा तो यह भी ठीक है। श्री मोदी जी के युग में काशी, मथुरा और अयोध्या का समुचित विकास हुआ है।

22 जनवरी के आयोजन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित लोगों को आमंत्रण भेजा गया है। सुना गया है कि रोमन कैथोलिक सोनिया जी और दलित मल्लिकार्जुन खड़गे को भी आमंत्रण भेजा गया है। शायद अब आगे गैर हिन्दुओं के मंदिर प्रवेश पर कोई बाधा नहीं आनी चाहिए और देश के अनेक मंदिरों में जहां अछूतों के प्रवेश पर प्रतिबंध है वह समाप्त हो जायेगा।

राम की परिभाषा हैरावणस्य मरणं राम। रावण का रा और मरण का म लेकर राम बना । कबीर कहते हैं दशरथ सुत तिहु लोक बखाना।<br>
राम नाम का मरम न जाना ।

राम का स्मरण सद् वृतियां जगाती है । असल में सबके अपने-अपने राम हैं । मीरा जब कहती हैं पायो रे मैंने राम रतन धन पायो। तो वे दशरथ पुत्र राम को नहीं कृष्ण को याद करती है। कृष्ण भक्ति में उनके राम छिपे हैं। कबीर के राम भी दशरथ पुत्र नहीं है कबीर के राम हैं -<br>
रमन्ते योगिन यस्मि ।<br>
नानक के राम हैं -<br>
राम रहीम पुरान कुरान।<br>
अनैक कहे मत एक न मान्यो।।

राम सर्वव्यापी, सर्व कालिक, सर्व देशीय सदा सर्वत्र हैं । अतः सभी को उत्सव में भाग लेना चाहिए। शायद इस देश के छः अल्पसंख्यकों-सिख, जैन,बौद्ध,मुसलमान,ईसाई और पारसी के लोगों को भी बुलाया गया होगा। यह भी याद रखना होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के लिए भी स्थान निर्धारित किया था। उसके निर्माण के बाद भी ऐसा ही भव्य आयोजन होगा और किसी दीनी को मक्का या मदीना से बुलाकर उस मस्जिद का उद्घाटन करवाया जायेगा। सभी को 22 जनवरी को राम प्रतिष्ठा पर बधाई। इति शुभम्।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# विलुप्त होती जा रही संस्कृति पुनःस्थापित कर समाज और देश को आगे बढ़ायेंगे:रामविचार नेताम

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नव विश्व भवन चोपड़ापारा अम्बिकापुर में सरगुजा क्षेत्र के नवनिर्वाचित मंत्री, विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभ उद्घाटन में केबीनेट मंत्री रामविचार नेताम, विधायक प्रबोध मिंज, ललन प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर , अनुराग सिंहदेव प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग की संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया ।

तत्पश्चात् सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र की संचालिका बीके. विद्या दीदी सभी अतिथियों का तिलक, शाल,श्रीफल,पुष्पगुच्छ,ईश्वरीय स्लोगन भेंट कर सम्मान किया।

सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा बहुत खुशी और गर्व की बात है कि राज्य का बागड़ोर आप सभी के हाथ में हैं, मुझे विश्वास है कि आप लोग पूरी निष्ठा और ईमानदारी से राज्य की जनता को सुखी और समृद्ध बनाये रखेंगे, जिसके कारण सदा जनता की दुआयें प्राप्त करके आगे बढ़ते रहेंगे। मुख्य अतिथि केबीनेट मंत्री रामविचार नेताम ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान माउण्ट आबू में बिताये तीन दिनों की साधना से हुये सुखद अनुभव को सांझा करते हुये कहा कि संस्था विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न लोगों के साथ मिलकर समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रहीं हैं ये वास्तव में सराहनीय है। आगे उन्होंने कहा कि ये पवित्र, स्वच्छ, सुन्दर सजा हुआ हॉल मन्दिर के समान शांतिमय, खुशनुमा लग रहा है और आप लोगों के द्वारा बताये गये मार्ग पर हम सदा चलते रहेंगे, एवं समाज एक अच्छा वातावरण बनाने की कोशिश करेंगे कि जो हमारी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है, उसे पुनः स्थापित कर समाज और देश को आगे बढ़ायेंगे। अतिथियों के स्वागत में पहुना स्वागत लोक नृत्य पर कन्याओं के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के 50 से भी अधिक नेतागण एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे। अंत सभी लोगों ने ब्रह्माभोजन स्वीकार किया।





# काफी मशक्कत के बाद पलटन घाट में डूबे युवक का शव पांचवे दिन मिला

- संवाददाता -
बलरामपुर-रामानुजगंज,
28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

गुरुवार की सुबह पलटन घाट में जब एनडीआरएफ की टीम पुनःउज्जवल के शव को ढूंढने के लिए पानी में उतरने की तैयारी कर ही रही थी, तभी पत्थरों के किनारे उसका शव दिखा। जिसके बाद तत्काल एनडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकाला। पलटन घाट में रविवार को पिकनिक मनाने आये युवकों में एक के पानी मे डूब जाने के बाद पिछले चार दिनों से शव की खोज गोताखोर कर रहे थे।

ज्ञात हो कि झारखंड के गढ़वा सोनपुरवा से पिकनिक मनाने साथियों के साथ आए युवक नहाने के दौरान रविवार के दोपहर 2 बजे के करीब पानी में डूब गया था। जिसे ढूंढने के लिए घटना के शाम से ही एसडीआरएफ की टीम के द्वारा प्रयास किया जा रहा था वही एसडीआरएफ की टीम के सफलता मिलने नहीं देख जिला प्रशासन के द्वारा एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई थी। आज पांचवे दिन युवक जहां डूबा उससे करीब महज 100 मीटर की दूरी पर पत्थर के किनारे शव पड़ा मिला। जिसे तत्काल एनडीआरएफ की टीम के द्वारा निकाला गया।



# पुलिया के पास धान लोड ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा

- संवाददाता -
लखनपुर,28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी पुलिस चौकी अंतर्गत गुरुवार की सुबह 9:30 बजे तिरकेला पुलिया के पास धान लोड ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर पलटा, सड़क पर बिखरा धान, बाल बाल बचा चालक दरअसल मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पटकुरा निवासी सुरेश ट्रैक्टर वाहन में 165 बोरा धान लोड कर कुन्नी समिति में बेचे ला रहा था जैसे ही तिरकेला पुलिया के पास पहुंचा ट्राली में अत्यधिक धान बोरा लोड होने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली सड़क पर पलट गया। बोरा फटने पर धान सड़क पर बिखर गया वही इस घटना के बाद चालक बाल बाल बचा।

# हसदेव अरण्य क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## अब एक भी पेड़ नहीं कटने देंगे... कोल परियोजना के नाम पर जंगल उजाड़ना...आदिवासियों की आजीविका छीनना बंद करें...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सरगुजा सरगुजा जिला के उदयपुर विकासखंड क्षेत्र में कोल परियोजना के लिए हसदेव अरण्य क्षेत्र घाटबर्रा,साल्ही, फत्तेपुर, हरिहरपुर में वृक्षों की कटाई के विरोध में आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने आज कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कोल परियोजना के लिए पेड़ों की कटाई तत्काल बंद कराए जाने की मांग की है, ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि पेड़ से पहले उन्हे करना पड़ेगा। हम जीते जी जंगल का विनाश नही होने देंगे। हरिहरपुर क्षेत्र के आदिवासी, जनजाति समाज के सदस्य जंगल बचाने श्लोगन लिखी तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे।

### जंगल कटा तो छीन जायेगी हमारी आजीविका

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि आदिवासी समाज के लोग इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहते हैं। जिसमें गोंड़, मझवार, अगरिया , जनजाति समाज के लोग प्रमुखता से रहते हैं। हमारी प्रमुख आय का साधन प्राकृतिक संसाधन है। आदिवासी,वनवासी परिवार जंगलों पर आश्रित रहता है। साल में 6 माह हम जंगल से आय प्राप्त करते हैं, महुआ, साल बीज, तेन्दुपत्ता, चार, चिरौंजी सहित कई प्रकार के बीमारियो के लिए जड़ी बूटी का उपयोग करते हैं। गर्मी के मौसम में वृक्षों की वजह से तापमान हमारे क्षेत्र में कम रहता है। यदि जंगल कटा तो उनकी आजीविका भी छीन जायेगी। जिसके कारण हम खदान का विरोध करते हैं।



### खदान निरस्त नही हुआ तो होगा आंदोलन

ज्ञापन में लिखा गया है कि पशु, पक्षियों के रहवास क्षेत्र सियार , भालू, बंदर, हिरण, खरगोश तथा अन्य जानवरों, सैकड़ो प्रजाति के पक्षियों का रहवास क्षेत्र नष्ट कर दिया गया जिसका समाज तथा क्षेत्रवासी कड़ा विरोध करते हैं। विकास के नाम पर पर्यावरण प्राकृतिक संसाधनों से खेलना तथा आदिवासी समाज के अधिकारों और स्वाभिमान को कुचलना बंद करें। मांग की गई कि क्षेत्र के सभी खदानों को निरस्त करें, नहीं तो हम अब उग्र आंदोलन के बाध्य होंगे।

### जंगल उजड़ने के साथ हजारों पक्षियों, जानवरों का घर परिवार भी उजड़ गया

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान समय में लाखों की संख्या में पेड़ काटे गये हैं, जिसमें हजारों की संख्या में चिड़ियों के घोसले टूटे, अंडे फुटे पक्षियों के बच्चे मरे। जिसका आदिवासी समाज घोर निन्दा करता है, कड़ी विरोध करता है। अब इस क्षेत्र में हम एक भी पेड़ नही कटने देंगे।

### आदिवासी समाज को किया गया अपमानित

आदिवासी परिवार के सदस्यों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि 21 दिसंबर 2023 को गाँव में बगैर सूचना दिये क्षेत्र के सरपंचों को बगैर तैयारी और कपड़ा पहने बिना ही उदण्डता पूर्वक, बर्बरता के साथ पुलिस - प्रशासन द्वारा भोर में उठाकर ले गए। इससे आदिवासी समाज का घोर अपमान हुआ। जिसका समाज घोर निन्दा व कड़ा विरोध करता है। जिससे पूरे आदिवासी समाज अपमानित महसूस कर रहा है।

# पार्टी का झंडा पहराकर कांग्रेसियों ने मनाया संगठन का स्थापना दिवस



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कांग्रेस का स्थापना दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। राजीव भवन में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी का झंडा फहराया और सलामी दी। महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण उपरांत प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कांग्रेस की स्थापना फिरंगियों से लडकर भर को आजाद कराने के लिए की गई थी। आज फिर परिस्थितियां वैसी ही है। हमारी लड़ाई लोकतंत्र बचाने की है। सत्ता में बैठे लोग तानाशाह बन गए है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता खतरे में है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को बाधित करने का काम हो रहा है। दक्षिणपंथियों की सरकार में धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक समरसता का ताना-बाना बिखर गया है, इसे फिर से पुनर्स्थापित करने के लिए कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है।प्रदेश महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा ने कहा कांग्रेस एक दल ही नहीं बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है, इसलिए 138 साल बाद भी इस विचार की यात्रा अनवरत् जारी है। इस अवसर पर मेयर डॉ अजय तिर्की, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा,जगजीत मिंज,जगन्नाथ कुशवाहा,विनोद एक्का,दीपक मिश्रा, आशीष वर्मा,अनूप मेहता,रजनीश सिंह,अभिषेक शुक्ला,शानू मुखर्जी,दिलीप धर,अमित तिवारी,स्वर्णिम शुक्ला, विकास केशरी, विनोद त्रिपाठी, जमील खान,अविनाश कुमार,पंकज शुक्ला,संदीप सिन्हा, शकीला परवीन,अंशु गुप्ता, सुधांशु गुप्ता,नरेंद्र विश्वकर्मा, विकास शर्मा सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डंडे से वार कर पत्नी की हत्या,आरोपित गिरफ्तार




- संवाददाता -
प्रतापपुर (सूरजपुर), 28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

डंडे से वार कर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपित को खड़गवां पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

27 दिसंबर को ग्राम पंडरीडांड झिंगादोहर निवासी शिवप्रसाद पण्डो ने खड़गवां पुलिस चौकी में रिपोर्ट कर बताया कि बुधवार को देवानंद पण्डो अपनी पत्नी सोनमेत से खाने-पीने के लिए पैसा मांग रहा था। पैसे देने से मना करने पर उसने नाराज होते हुए अपनी पत्नी के सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध धारा 302 के तहत मामला पंजीबद्ध किया।

मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला ने खड़गवां चौकी प्रभारी को हत्या के आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी देवानंद पिता स्व. राम दुलारी पण्डो 30 वर्ष ग्राम पंडरीडांड झिंगादोहर को पकड़ा। पूछताछ पर उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खड़गवां बृजकिशोर पाण्डेय, एएसआई कृष्ण कुमार सिंह, आरक्षक कृष्णकांत पाण्डेय, रामाधार सिंह, भगत सिंह, अनिल एक्का व राकेश सिरदार सक्रिय रहे।

# आक्सीजन हब हसदेव अरण्य की कटाई कर खदान अडानी को देना भाजपा सरकार की प्रमुख प्राथमिकता : राजेश दुबे

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधिविभाग के महामंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी राजेश दुबे ने भाजपा सरकार द्वारा सरगुजा जिले के हरे भरे हसदेव अरण्य के कटाई का विरोध कर रहे वनवासियों के जनआंदोलन को बलपूर्वक कुचलते हुए देश के आक्सीजन हब हसदेव अरण्य की कटाई पर आक्रोश एवं दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा की सरकार बने अभी एक पखवाड़ा भी नहीं हुआ और सरकार पहली प्राथमिकता देते हुए ताकत के बल पर वनवासियों के जनआंदोलन को कुचलकर हसदेव अरण्य की कटाई शुरू कर दी है। जबकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी सरगुजा संभाग से हैं और उन्हें आदिवासी होने के नाते यह भली भांति ज्ञान है कि आदिवासियों एवं वनवासियों की जीवनधारा जल जंगल और जमीन होती है। उन्हे यह अधिकार पुरातन काल से मिलता आया है। दुबे ने आगे कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो भाजपा यह तय कर रखी थी की सरकार बनते ही सबसे पहले हसदेव अरण्य का सफाया कर खदान अडानी को देनी है। पर्यावरण पर चिंतित आज पूरा विश्व जंगलों की सुरक्षा करने में जुटा हुआ है ,ठीक इसके विपरीत भाजपा जंगलों का सफाया करने पर आमादा है। हसदेव अरण्य मध्यभारत का अक्सीजन हब है।

राजेश दुबे ने आगे कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ इतना बता दे कि हसदेव अरण्य के कटे हुए पेड़ों से पर्यावरण के लिए हुए इतने बड़े नुकसान की भरपाई वो कैसे करेगी उसके पास क्या योजना है? श्री दुबे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने पहले ही अगाह किया था कि केंद्र की भाजपा सरकार की नजर छत्तीसगढ़ में नई खदान खोलकर अपने मित्रों को देने का है,और आज उनकी बातें सच साबित हो रही हैं। भाजपा आदिवासियों, वनवासियों की हितैषी कभी हो ही नहीं सकती।

# आपातकालीन चिकित्सा परिसर में एक कमरे में दुबके रहते हैं अधिकारी

## मेडिकल इंटर्न के चिकित्सकों पर रहता है मरीजों का भार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,28 दिसम्बर 2023
(घटती-घटना)।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल की आपातकालीन चिकित्सा सेवा भगवान भरोसे है। ऐसा नहीं है कि यहां मरीजों को चिकित्सा सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है, लेकिन इसका श्रेय मेडिकल के उन छात्रों को जाता है, तो इंटर्न कर रहे हैं। देखा जाए तो इंटर्न करने वालों को पर्ची में दवा लिखने का अधिकार नहीं है। कैज्युलिटी मेडिकल आफिसर (सीएमओ) अगर मौजूद हैं, तो एक कमरे में दुबके रहते हैं। ऐसे हालातों के बीच जरूरत पड़ने पर जेआर, एसआर चिकित्सक को बुलाने मशक्कत करनी पड़ती है।

संभाग के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा सेवा परिसर की शुरूआत करने का उद्देश्य लोगों को त्वरित चिकित्सा सेवा मुहैया कराना था। इसके विपरीत इस परिसर को मेडिकल इंटर्न करने वालों के लिए प्रयोगशाला बनाकर रख दिया गया है। अस्पताल के जिम्मेदारों के सामने कई बार यहां की अव्यवस्थाएं सामने आ चुकी हैं। ड्यूटी के समय जिम्मेदार चिकित्सकों के नदारद रहने की बात भी सामने आई है, लेकिन किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसी शिकायतें पूर्व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के समक्ष भी आ चुकी हैं, इस पर उन्होंने नाराजगी भी जाहिर की थी। सरकार बदलने के बाद भी पुराने ढर्रे पर काम चल रहा है। हाल में विधायकों के दल ने इस अस्पताल का भ्रमण किया था, लेकिन वे इन कमियों को भांप नहीं पाए। चिकित्सा परिसर में चिकित्सकों व स्टॉफ के बीच कम्युनिकेशन गैप भी देखने को मिलता है। कहने को आपातकालीन चिकित्सा सेवा सुदृढ़ रहे, इसके लिए मासिक रोस्टर के अनुरूप चिकित्सक व कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है, लेकिन रोस्टर के अनुरूप चिकित्सा सेवा देने वालों की मौजूदगी सुनिश्चित करने में अभी तक प्रबंधन को कामयाबी नहीं मिल पाई है। हाल में सुशासन दिवस पर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दिन भी ऐसे हालात सामने आए थे। सुबह साढ़े नौ बजे तक चिकित्सक की गैर मौजूदगी सामने आने के बाद मेडिकल के इंटर्न छात्रों ने यहां का मोर्चा संभाला था। अस्पताल अधीक्षक इससे अनभिज्ञ नहीं है। बुधवार को भी आपातकालीन चिकित्सा सेवा का मुख्य दायित्व कुछ ऐसे ही संचालित होते नजर आया। एक चिकित्सक या कहें सीएमओ, एक कमरे में धुनी रमाये बैठे रहते हैं।



### हकीकत नहीं स्वीकारता प्रबंधन

आपातकालीन चिकित्सा परिसर में कैज्युलिटी मेडिकल आफिसर (सीएमओ) के अलावा जेआर की ड्यूटी लगती है। इनका साथ देने के लिए मेडिकल इंटर्न, प्रशिक्षण लेने वाले चिकित्सक रहते हैं। ये चिकित्सा कार्य का अभ्यास करने के लिए अस्पताल में इंटर्न करते हैं। इन्हें दवा की पर्ची लिखने का अधिकार नहीं रहता है। यह अधिकार जेआर, पीजी या एसआर चिकित्सक के पास रहता है। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि जिम्मेदारों की गैर मौजूदगी में मेडिकल इंटर्न बतौर सहयोग देने वाले पर्ची में दवा तक लिख देते हैं। हालांकि प्रबंधन इसे नहीं स्वीकारता है। ऐसे हालातों के बीच कभी बड़ी चूक हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा, इसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# इंडोनेशिया में रोहिंग्या शरणार्थियों को लेकर रार,छात्रों ने निर्वासन की मांग

**जकार्ता,28 दिसम्बर 2023।** इंडोनेशियाई छात्रों ने म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थियों के आवास सम्मेलन शिविर में घुसकर उनके निर्वासन की मांग की है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इंडोनेशिया के बांदा आचे शहर के कन्वेंशन कैंप में सैंकडों रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे थे। रॉयटर्स की एक फुटेज का हवाला देते हुए एक रिपोर्ट में कहा गया कि हरे रंग की जैकेट पहने छात्रों को इमारत के बड़े बेसमेंट में भागते हुए दिखाया गया है, जहां रोहिंग्या पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की भीड़ जमीन पर बैठी थी और रो रहे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि अधिकारियों ने रोहिंग्याओं को बाहर निकाला। दावा किया गया कि कुछ लोगों ने अपना सामान बोरियों में डाला और दूसरे वैकल्पिक आश्रम में ले गए।



**रोहिंग्या को लेकर स्थानीय लोगों में रोष-रिपोर्ट में दावा**

रिपोर्ट के मुताबिक, रोहिंग्या शरणार्थियों ने इंडोनेशिया में असुरक्षित महसूस किया है। दावा किया जा रहा है कि स्थानीय लोग जातीय अल्पसंख्यकों के आने से खासा रोष में हैं। बता दें रोहिंग्या म्यांमार में उत्पीड़न का शिकार हुए हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने मानव तस्करी, अस्थायी आश्रय की पेशकश के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ काम करने का वादा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर और अप्रैल के बीच संख्या में वृद्धि हुई है।

**इंडोनेशिया में रोहिंग्या शरणार्थियों को लेकर रार**

बांदा आचे में छात्रा वारिजा अनीस मुनांदर ने बुधवार को शहर में एक रैली में रोहिंग्या के निर्वासन का आह्वान किया है। वहीं अन्य छात्रों ने कहा कि वे हमारे देश बिन बुलाए आए है, जैसे मानों ये देश उनका हो। इस महीने की शुरुआत में यूएनसीएचआर ने कहा कि एजेंसी इंडोनेशिया में अस्वीकृति की रिपोर्टों से चिंतित थी। बता दें इंडोनेशिया 1951 के शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है, लेकिन शरणार्थियों के आने पर उन्हें स्वीकार करने का उसका इतिहास है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि रोहिंग्याओं ने म्यांमार छोड़ दिया है, जहां उन्हें आम तौर पर दक्षिण एशिया के विदेशी घुसपैठिए माना जाता है। म्यांमार में उन्हें नागरिकता से वंचित कर दिया जाता है।

# युद्ध के विरोध की सजा!

## कविता लिखने पर दो नागरिकों को जेल, गुस्साए समर्थक कोर्ट में बोले-शर्म करो

**कीव, 28 दिसम्बर 2023।** रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच अभूतपूर्व मानवीय संकट पैदा हुआ। अंतरराष्ट्री समस्या के खिलाफ कई देशों ने आवाज उठाई। देश में भी कई लोगों ने विरोध का स्वर बुलंद किया, लेकिन दो लोगों को इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि रूस के दो नागरिकों को युद्ध के खिलाफ कलम उठाने की सजा मिली है। रूस ने दोनों को लंबे समय के लिए जेल भेज दिया है। एक को साढ़े पांच साल, जबकि दूसरे को सात साल जेल की सजा हुई है।

**कोर्ट रूम में सजा के खिलाफ शर्म करो का नारा**

खबरों के मुताबिक मॉस्को की एक अदालत ने गुरुवार को यूक्रेन पर



हमले के खिलाफ कविताएं पढ़ने के लिए अर्टोम कामार्डिन को सात साल जेल की सजा और येगोर शतोवबा को पांच साल और छह महीने की सजा सुनाई गई। एएफपी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक सजा का एलान होने के बाद कोर्ट रूम में मौजूद समर्थकों ने शर्म करो! का नारा भी लगाया।

**रूस में युद्ध नीति का विरोध गैरकानूनी**

रिपोर्ट्स के मुताबिक रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन में हमले के खिलाफ रूसी सेना और प्रशासन का विरोध करने के आरोप में हजारों लोगों को हिरासत में लिया है। रूस में सैन्य कार्रवाई का विरोध और युद्ध से जुड़ी नीतियों आलोचना को गैरकानूनी घोषित किया गया है।

मॉस्को चौराहे पर कविता पाठ सजा पाने वाले 33 वर्षीय कामर्डिन ने कहा कि उनकी हिरासत विशेष रूप से हिंसक थी। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने उनके साथ बलात्कार किया और उनकी प्रेमिका को धमकाते हुए उन्हें माफी मांगने वाला वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया। गिरफ्तारी की पूर्व संध्या पर उन्होंने मॉस्को चौराहे पर अपनी कविता मुझे मार डालो, मिलिशिया आदमी! (Kill me, militia man!) का पाठ किया था।

## सड़क हादसे में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत पर चालक को जेल, आठ साल के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रद्द

**सिंगापुर, 28 दिसम्बर 2023।** सिंगापुर में एक मिनी बस चालक को खराब ड्राइविंग रिकॉर्ड और भारतीय मूल के मोटरसाइकिल चालक को




टक्कर मारने मामले में गुरुवार को चार महीने की जेले की सजा सुनाई गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक एक्सप्रेस-वे में भारतीय मूल के मोटरसाइकिल चालक को मिनी बस चालक द्वारा टक्कर मारी गई थी, जिसके कारण व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है।

**आरोपी का आठ वर्ष के लिए ड्राइविंग लाइसेंस रद्द**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मलय मूल के आरोपी मुहम्मद हेयरुलजात सलेह को खराब ड्राइविंग रिकॉर्ड के चलते एक व्यक्ति की मौत का दोषी ठहराया गया है। बता दें 2021 में 57 वर्षीय भारतीय मूल के सत्यदेव रामानुज की मौत हो गई थी। जेल की सजा सुनाते वक्त अदालत ने कहा कि जेल से रिहा होने पर आठ साल के लिए सभी श्रेणियों के ड्राइविंग लाइसेंस रखने या लेने से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

# इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को 11 जनवरी तक राहत,सिफर मामले में ट्रायल पर अदालत की रोक

**इस्लामाबाद, 28 दिसम्बर 2023 ।** पाकिस्तान के गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में देश के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को अदालत से राहत मिली है। कोर्ट ने मुकदमे के ट्रायल पर 11 जनवरी तक रोक लगा दी है। दोनों सरकार से जुड़ी गुप्त बातें लीक करने और नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में जेल में बंद हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद कमरे में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी। 71 वर्षीय इमरान खान की याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने यह आदेश पारित किया।

**11 जनवरी तक कार्रवाई पर रोक**

गुरुवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूछा कि जब निर्देश खुली अदालत में सुनवाई का है तो बंद कमरे में सुनवाई क्यों हो रही है? अदालत ने संघीय जांच एजेंसी को नोटिस जारी कर सुनवाई पर 11 जनवरी तक रोक लगा दी। गौरतलब है कि गोपनीय दस्तावेज मामले की सुनवाई विशेष अदालत में हो रही है। अदालत ने इस महीने की शुरुआत में सुनवाई के बाद आरोपियों को 13 दिसंबर को दोषी ठहराया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पिछली कार्यवाही को रद्द करते हुए 23 अक्तूबर के आदेश में कहा था कि जेल में मुकदमे के ट्रायल के दौरान



उचित प्रक्रिया नहीं अपनाई गई थी।

**राजनयिक दस्तावेज़ के कथित दुरुपयोग का मामला**

इससे पहले मीडिया की उपस्थिति में खुली अदालत में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के आदेश में उजागर विसंगतियों को ठीक करने के बाद नया मुकदमा चलाया गया। हालांकि, बाद में अदालत ने मामले की संवेदनशीलता के मद्देनजर बंद कमरे में कार्यवाही की सरकार की अपील स्वीकार कर ली। पिछले साल मार्च में पाकिस्तान दूतावास की तरफ से भेजे गए राजनयिक दस्तावेज़ के कथित दुरुपयोग मामले में पूर्व पीएम इमरान और उनके करीबी पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी के खिलाफ मुकदमा जारी है।

**पाकिस्तानी कानून का उल्लंघन, सुप्रीम कोर्ट से जमानत; अभी भी सलाखों के पीछे**

बता दें कि पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी ने इसी साल 15 अगस्त को मामला दर्ज किया था। जांच एजेंसी के मुताबिक आरोपियों ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सिफर यानी गुप्त राजनयिक केबल का फायदा उठाने की कोशिश की। इससे देश के गुप्त कानूनों का उल्लंघन हुआ है। सिफर मामले में इमरान खान और कुरैशी दोनों को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी थी। दोनों के खिलाफ दर्जनों कानूनी मामले दर्ज हैं। ऐसे में इमरान और कुरैशी अभी भी सलाखों के पीछे ही हैं।

**अदालतों में 150 से अधिक मामले**

पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के बीच जानना जरूरी है कि अप्रैल 2022 में पाकिस्तान की संसद में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान और उनके समर्थकों के खिलाफ 150 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

## बातचीत की आड़ में कबायली इलाकों पर कब्जे की फिराक में था अफगान,पाकिस्तान के शीर्ष अधिकारी का दावा

**इस्लामाबाद, 28 दिसम्बर 2023।** पाकिस्तान के एक शीर्ष अधिकारी ने अफगानिस्तान के अंतरिम विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के उन दावों का जोरदार खंडन किया है, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान अंतिम समय में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ समझौते से पीछे हट गया। साथ ही दावा किया कि आतंकवादी संगठन की अनुचित और असंवैधानिक मांगों के कारण वार्ता असफल हुई थी।



**एक रिपोर्ट में खुलासा-** एक रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बातचीत की आड़ में प्रतिबंधित टीटीपी आतंकवादी समूह अफगान तालिबान के मौन समर्थन के साथ पूर्व जनजातीय क्षेत्रों के भीतर अपना साम्राज्य स्थापित करने का लक्ष्य बना रहा था।

**पिछले हफ्ते हुई थी बातचीत-** पिछले हफ्ते तेहरान में फलस्तीन सम्मेलन में अफगान अंतरिम विदेश मंत्री मुत्ताकी और पाकिस्तान के सीनेटर मुशाहिद हुसैन सैयद के बीच एक अनौपचारिक आदान-प्रदान के दौरान, तालिबान नेता ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान और टीटीपी के बीच अधिकांश मुद्दों को 2022 में हल कर लिया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि विवाद का एकमात्र मुद्दा पूर्व संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों (एफएटीए) के विलय के बारे में था।

## मिलावटी शराब के मामले में उप निरीक्षक आबकारी को किया गया निलंबित

\- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** अंबिकापुर. सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा शराब में मिलावट किए जाने के मामले में आबाकारी विभाग ने कार्रवाई की है। विदेशी मदिरा दुकान बौरीपारा अंबिकापुर के प्रभारी अधिकारी सौरभ साहू अबकारी उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

शहर के गाड़ाघाट स्थित शराब दुकान से बेची जा रही शराब में कर्मचारियों द्वारा मिलावट करते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। यह वीडियो वहीं के एक निष्कासित कर्मचारी ने वायरल किया था। आबकारी आयुक्त महादेव राव कावरे ने उपायुक्त आबकारी संभागीय उडनदस्ता सरगुज द्वारा जांच कराई गई थी। जांच में शराब में मिलावटी संबंधी वीडियो विदेशी मदिरा दुकान






बौरीपारा अंबिकापुर का पाया गया। वीडियो के आधार पर दर्शित व्यक्ती बिक्रयकर्ता बृज बिहारी गुप्ता,विजय नंद राजवाड़े, मल्टीपर्पस वर्कर सुरेश कुमार राजवाड़े, सुरक्षा गार्ड रामसेवक तिर्की को ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई करते हुए सेवा से पृथक कर दिया गया है। वहीं दुकान के प्रभारी अधिकारी सौरभ साहू उप निरीक्षक आबकारी को कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है।

## अंधाधुंध कटाई के विरोध के बीच,भालुओं के शावक दल से बिछड़े

### तस्वीर सोशल मीडिया में वायरल,सफेद भालू आया नजर

\- संवाददाता -

**लखनपुर, 28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जिले के सरहदी सरगुजा में हसदेव अरण्य को बचाने के लिए इस समय बड़ी मुहिम चल रही है,क्योंकि कोयला खनन के लिए जंगल से पेड़ काटे जा रहे है,जहां ग्रामीणों का कहना है की लगभग

50 हजार पेड़ काटे जा चुके है,,जिसे लेकर कांग्रेस गोंडवाना समेत अन्य क्षेत्रीय दल कड़ा विरोध कर रहे हैं,,और पेड़ों की कटाई रोकने और नए खदान खोलने पर रोक लगाने की मांग सरकार से कर रहे है,जहां कटते जंगल के बीच सोशल मीडिया में कई मार्मिक तस्वीरे भी सामने आ रही है,,जहां जंगल कटने से भालुओं के बच्चे अपनी मां से बिछड़ गए है,इन बच्चों में एक



दुर्लब प्रजाती का शावक भी है जो बिल्कुल सफेद कलर का है,और बहोत कम ही देखने को मिलता है,,वन परिक्षेत्र में हो रही अंधाधुंध कटाई के कारण जंगल के वन प्राणियों की संख्या घटती जा रही है,, इसी प्रकार इछावर रेंज के 24474.284 हेक्टेयर जंगल में एक समय शेर, तेंदुआ, हिरण, संभार आदि वन्य प्राणी थे लेकिन धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती चली गई और कुछ जंगली जानवर तो पूरी तरह से खत्म ही हो गए जो जंगलों में बचे हैं उनका भी चोरी छुपे शिकार हो रहा है,वहीं अब तेजी से कटते जंगल की वजह से जानवर भटककर रिहायशी क्षेत्र में पहुंच रहे।

या जानवरों के छोटे बच्चे अपने मां से बिछड़ जा रहे, जिससे इन बिछड़े हुए जानवर के बच्चों को बचाना व उनके दल से मिलाना वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

## कलश यात्रा में हजारों महिलाओं ने लिया हिस्सा,जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत,शहर में भक्ति में वातावरण

\- संवाददाता -

**सूरजपुर, 28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** मानव में देवत्व का उदय व धरती पर स्वर्ग के अवतरण हेतु आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ गुरुवार को भव्य व विशाल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है।यह कलश यात्रा शहर के तीन मार्गो से निकाली गई थी जिसमें हजारों की संख्याओं में नारी शक्तियों ने हिस्सा लिया जो देखते ही बन रहा था। कलश यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान मां गायत्री की भजन गूंजायमान रही और शहर भक्तिमय वातावरण बना रहा।कलश यात्रा में पारंपरिक शैला सुगा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।







शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में परम् पूज्य गुरुदेव वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ प. श्री राम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के सूक्ष्म संरक्षण में नारी सशक्तिकरण वर्ष के इस मौके पर 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ गायत्री शक्तिपीठ सूरजपुर के प्रांगण में आयोजित है जहां भव्य पंडाल के बीच हवन कुंड बनाए गए हैं। चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ में रोजाना संगीत व प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा इस यज्ञ का शुभारंभ आज भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ किया गया जिसमें जिले भर की हजारों की संख्या में नारी शक्तियां उपस्थिति रही।कलश यात्रा भैयाथान रोड, मेन रोड व केतका रोड से निकली अग्रसेन चौक में एक साथ मिली जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। यज्ञ स्थल पर कलश स्थापित करने के बाद सनातन धर्म का प्रतीक चिन्ह धर्म ध्वजा की स्थापना की गई।इस दौरान गुरुदेव के सद विचारों को जन-जन तक पहुंचाने शांतिकुंज से पहुंचे कथावाचकों द्वारा मंगल कलश यात्रा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और लोगों के जीवन में सुख समृद्धि बनी रहे इसकी कामना की गई। शांतिकुंज के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया इस यज्ञ के माध्यम से मानव में देवत्व का उदय करना है जो गुरुदेव का संकल्प है इससे धरती पर स्वर्ग लाया जा सके।कलश यात्रा के बाद शाम को प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया गया। शुक्रवार को सुबह देव आव्हान किया जाएगा इस देव पूजन में लोगों को उपस्थित रहकर खुद को निहाल करने का आग्रह किया गया।शांतिकुंज के प्रतिनिधियों द्वारा कहा गया कि देव पूजन के दौरान अंतरिक्ष से दैविक शक्तियों का आशीर्वाद हम सभी को मिलेगा। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा इस विशाल यज्ञ को लेकर महीने भर से तैयारी की जा रही थी और यज्ञ स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है।संगीत,कथा वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज पूरे शहर में हो रही है जिससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शांतिकुंज से टोली नायक के रूप में सुनील शर्मा गायक रमेश तिवारी वादक सदगिरी गोस्वामी म्यूजिक में भूषण चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित हैं जिनके द्वारा परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सदविचारों को जन-जन तक पहुंचा जा रहा है। इस यज्ञ को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी भोला प्रसाद अग्रवाल, जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा, यज्ञ के आयोजक मंडल में पवन गर्ग, जगमोहन अग्रवाल,राम भजन अग्रवाल,अजय अग्रवाल, अवधेश गोयल,एसपी खंडेत, विजय निगम सुशील निगम, लोचन प्रसाद गुप्ता, शिव शंकर साहू, शशिकांत गर्ग विमल रजक ममता अग्रवाल,रैनी अग्रवाल अनु कांडे,डॉ. स्वर्णा शर्मा लक्ष्मी सिंह आदि सक्रिय हैं। जिला समन्वयक शिव शंकर कुशवाहा व पवन गर्ग ने बताया कि यज्ञ स्थल पर गुरूदीक्षा, पुंसवन, मुण्डन, विद्यारंभ नामकरण, विवाह आदि संस्कार निःशुल्क कराये जायेंगे।संस्कार हेतु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर इच्छुक व्यक्ति अग्रिम पंजीयन अवश्य करा ले।यज्ञ में अधिक से अधिक में धर्म प्रेमी बंधुओ से पहुंचकर पुण्य लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

**प्रखर प्रज्ञा-सजल श्रद्धा का अनावरण 30 को**

राष्ट्र जागरण अभियान व 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 28 तारीख से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी इस दौरान 30 दिसंबर को प्रखर प्रज्ञा-सजल श्रद्धा का अनावरण श्रद्धेय डॉ. चिन्मय पण्ड्या कुलपति, देव संस्कृति विश्व विद्यालय के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ हो गया हैद्वितीय दिवस 29 दिसम्बर को ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग व्यायाम,देव पूजन एवं गायत्री महायज्ञ दोपहर में कार्यकर्ता गोष्ठी सायं कोनारियों जागो स्वयं को पहचानों पर आधारित प्रज्ञा पुराण कथा तृतीय दिवस शनिवार को ध्यान साधना एवं प्रज्ञायोग व्यायाम,संस्कार परम्परा,गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार शाम को राष्ट्र समर्थ और सशक्त कैसे बने सप्त आंदोलन व दीपमहायज्ञ,प्रज्ञा पुराण कथा चतुर्थ दिवस रविवार को गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार व पूर्णाहुति एवं वंदनीया माताजी की जन्मशताब्दी के न्यूनतम संकल्प साधना के साथ यज्ञ का समापन होगा और टोली विदाई की जायेगी।

# किसानों की भू-आवंटित जमीनों पर हो रहा है धड़ल्ले से व्यावसायिक दुकानो का निर्माण, मूकदर्शक बना हुआ है राजस्व विभाग

## खड़गवां तहसील कार्यालय के मामला क्रमांक 262 / 2022-2023 के मामले में ऐसा क्या था की अधिकारी के द्वारा महज 16 दिनों में ही स्थगन हटा दिया गया?

» क्या राजस्व निरीक्षक खड़गवां के जांच प्रतिवेदन का कोई महत्व नहीं था इस मामले में क्या तहसीलदार गलत को सिर्फ सही करने के लिए पदस्थ थे?

» क्या ये मामला तात्कालिक कांग्रेस सरकार में हुआ है कही अधिकारी सफेद पोश नेताओं के दबाव में गलत को सही कर दिए हैं?

» क्या इस तहसील कार्यालय में और जो किसानों के स्थगन के मामले चल रहे हैं वो क्यों 16 दिनों में स्थगन आदेश नहीं हटाए गए?

-राजेन्द्र शर्मा-

**खड़गवां,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** खडगवा तहसील मुख्यालय खड़गवां में भू-बंटन की भूमि का वितरण मध्य प्रदेश की सरकार के समय किसानों के जीविकापार्जन के लिए भू-बंटन के तहत किसानों को पट्टा वितरण किया गया है

खड़गवां मुख्यालय में किसानों के भू-बंटन की भूमि पर गिद्ध दृष्टि लगी हुई है। सूत्रों से ये जानकारी मिल रही है कि इन गरीब किसानों की गरीबी का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाकर उन्हें राशि का प्रदान कर उनसे बाद में राशि का ब्याज दर सहित राशि वापस करने का दबाव बना कर सड़क किनारे की कीमती जमीन पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण हो रहा है भूमि खसरा नंबर 428 बीस सूत्रीय के तहत भूमिहीन किसानों को उनके जीविकापार्जन के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत भूमि-आवंटित किया गया था।

इस भूमि 428 के आवंटित पट्टे में स्पष्ट निर्देश भी लिखे गए हैं कि पट्टेदार को उक्त भूमि का उपयोग केवल कृषि प्रयोजनों के लिए ही करेगा वह उक्त भूमि या उसके किसी भाग का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं करेगा? पट्टेदार उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी स्वरूप की कोई संरचना खडी नहीं करेगा किन्तु वह कृषि प्रयोजनों के लिए अस्थायी शेड का निर्माण कर सकेगा? पट्टेदार भूमि में अपने अधिकार या उसके किसी भाग को बिक्री भेंट बंधक उप - पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेगा और ऐसी प्रत्येक बिक्री भेंट बंधक उप-पट्टा या अन्य प्रकार से किया गया अंतरण निष्प्रभावी होंगा?



उसके बाद भी उक्त भूमि पर धड़ल्ले से राजस्व विभाग के अधिकारियों के सामने किया जा रहा है। पूर्व में हुई शिकायत में राजस्व अधिकारियों के द्वारा खसरा नंबर 428/3 रकबा 0.31 हे.पर शासन द्वारा भू बंटन की भूमि है जांच प्रतिवेदन में राजस्व निरीक्षक ने शासन द्वारा प्रदाय भूमि का उल्लेख किया है कि पक्का मकान 1380 वर्ग फीट में बन रहा है। और उस प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख भी किया गया है कि ये भू बंटन से प्रदान किये हुई कृषि भूमि है जो किसान को जीविकापार्जन हेतु प्रदान है इस पर जो मकान का निर्माण किया जा रहा है कृषि कार्य हेतु प्राप्त भूमि है कृषि कार्य भूमि के भिन्न प्रयोजन हेतु भूमि का प्रयोग किया जा रहा है एवं भिन्न प्रयोजन उपयोग हेतु किसी प्रकार का दस्तावेज मकान निर्माण कर्ता द्वारा पेश नहीं किया है। और बिना अनुमति के शासन की भूमि पर व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस जांच प्रतिवेदन के आधार से न्यायालय तहसीलदार खड़गवां में मामला क्रमांक 262 / 2022-2023 को मकान निर्माण कार्य पर स्थगन आदेश दिनांक 8.6.2023 को दिया गया था।

उसके बाद खड़गवां तहसीलदार के द्वारा इसी मामले में महज 16 दिनों में मामले से स्थगन आदेश हटा दिया गया वो भी अपने आदेश में ये कहते हुए की मकान का निर्माण कार्य किया जाना नहीं पाया गया है जबकि इस मामले में राजस्व निरीक्षक का जाच प्रतिवेदन एवं पंचनामा स्थगन आदेश आदि सभी दस्तावेज संलग्न होने के बाद न्यायालय तहसीलदार खड़गवां ने महज चंद दिनों में स्थगन आदेश हटा दिया गया जबकि जांच राजस्व निरीक्षक के जांच प्रतिवेदन में किसी भी प्रकार के कोई शासन की भूमि में अनुमति के दस्तावेज नहीं होने की पुष्टि होने के बाद भी इतनी जल्दी स्थगन का हटाया जाना अपने आप में एक सवाल खड़े कर रहा है ?

प्रशासन के बिना अनुमति के धड़ल्ले से कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान तैयार किया गया है जबकि उक्त भूमि पर व्यावसायिक दुकान निर्माण पूर्णतः भूमि प्रतिबंधित हैं।

इनके द्वारा भू-आवंटित कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान धड़ल्ले से निर्माण कार्य किया जा रहा है ये भू-माफिया भू-आवंटित कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य कृषक का होना बताकर भू-आवंटित भूमि पर मकान कि जगह पर व्यावसायिक दुकान निर्माण कराया गया है। भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इस भवन पर अपना कब्जा दिखा रहे है ऐसा खेल खड़गवां में जोर पर चल रहा है। और गरीब किसानों की भूमि में भू माफिया इस तरह के खेल कर कब्जा कर रहे हैं इनके द्वारा शासन प्रशासन से भू-बंटन की भूमि पर व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य या भवन निर्माण कार्य की कोई अनुमति शासन के द्वारा नहीं ली गई है?

## जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में हसदेव अरण्य जंगल कटाई के विरोध में किया गया पुतला दहन




-संवाददाता-

**कोरबा,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशनुसार कोरबा जिला युवा कांग्रेस शहर/ग्रामीण के नेतृत्व में हसदेव अरण्य जंगल कटाई के विरोध में नरेंद्र मोदी व अडानी का पुतला दहन कार्यक्रम शहर के टी पी नगर चौक में किया गया। हसदेव अरण्य जंगल कटाई के मामले को लेकर जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही हसदेव अरण्य जंगल की कटाई कर हजारों पेड़ कटवा दिये। छ0ग0 में मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग के होने के बावजूद आदिवासी वर्ग के जरूरतों का ख्याल नही रखा जा रहा है, जबकि जल, जंगल और जमीन की उपयोगिता आदिवासी वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

ग्रामीण जिला अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि जिस जमीन व पेड़ो की पिछली कांग्रेस सरकार ने केन्द्र सरकार के आदेश पर रोक लगाते हुए रक्षा की थी, उसी जंगल को प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही भाजपा सरकार द्वारा हसदेव के वनों को उजाड़ कर अडानी को बेचने की कवायद शुरू कर दी गई है। हजारो की संख्या में पेड़ो की कटाई की जा रही है। जंगल खाली करवाए जा रहे है और विरोध आंदोलन कर रहे नेताओं को नजरबंद और गिरफ्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश पंकज, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विकास सिंह विक्की, पवन विश्वकर्मा, बृजभूषण प्रसाद, महासचिव अंकित श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास, सुनील निर्मलकर, अमित सिंह, रोशन खांडे, घनाराम खांडे, आकाश प्रजापति, नारायण यादव, लोमेश बंजारे, निकिता खलको, चिंतामणि, शकील अंसारी, कुलदीप अहिरवार, मोनू कुरैशी, शफीक सहित भारी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।



## बिलासपुर में छात्रों ने किया दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

-संवाददाता-

**सुरजपुर,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** साधुराम विद्या मंदिर के छात्रों ने छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर के महत्वपूर्ण स्थानों पर दो दिवस का शैक्षिक भ्रमण किया । छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक भ्रमण महत्वपूर्ण साधन है जिससे छात्रों मे आपसी भाईचारा, परस्पर सहयोग, किसी विषय के प्रति अपनी समझ विकसित करने का अवसर प्राप्त होता है। बिलासपुर में छात्रों ने बबल आइसलैंड, कानन पेंडारी, प्लैनेटेरियम तथा हाई कोर्ट जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण किया । भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर संबंधित जानकारी नोट किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय एवं उप प्राचार्य डीडी तिवारी ने साथ भ्रमण कर मार्गदर्शन प्रदान किया । विद्यालय की शिक्षिका आरती चौबे ,रेशमा सिद्दीकी एवं शिक्षक वैभव सिंह चौहान ने उन्हें सहयोग प्रदान किया।

## कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय का किया शुभारंभ

-संवाददाता-

**कोरबा,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के तत्वावधान में जिला न्यायालय परिसर कोरबा में शहर विधायक एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का जोरदार स्वागत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय के उद्घाटन एवं कैबिनेट मंत्री के सम्मान समारोह का आयोजन जिला न्यायालय परिसर कोरबा में किया गया था। सम्मान एवं स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद लखनलाल देवांगन ने प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में विजय दिलाने के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष संजय जायसवाल, सचिव नूतन सिंह ठाकुर, अशोक तिवारी, बीके शुक्ला,पूर्व अध्यक्ष गोपी कौशिक, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी एवं नरेंद्र पाटनवार मौजूद रहे। सचिव नूतन सिंह ठाकुर ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की ओर मंत्रीजी का ध्यान आकृष्ट कराया,जिस पर श्री देवांगन ने उक्त मांग को भाजपा के घोषणा पत्र में होने की जानकारी देते हुए इसे विधानसभा में शीघ्र पेश करने का भरोसा दिलाया। कोरबा में जिला न्यायालय की स्थापना के दशकों बाद जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के कार्यालय का शुभारंभ लखनलाल देवांगन ने किया । इस अवसर पर अधिवक्ताओं की समस्याओं को दूर करने में हर संभव प्रयास का आश्वासन उन्होंने दिया। कार्यक्रम में पार्षद धनश्री साहु, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राठौर, डी के अग्रवाल, महेंद्र चंदेल, सुरेश सिंह,अखिलेश पांडे, राजेंद्र पांडे, संतू साहु, राजेंद्र साहु, दीपक दुबे, राजकुमार अज्ञेय, मंगल देवांगन, मधु पांडे, सरिता पांडे, सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा, महिला उपाध्यक्ष उत्तरा राठौर, कोषाध्यक्ष अमरनाथ कौशिक, सहसचिव के बी शांडिल्य, रवि भगत, कमलेश श्रीवास, क्रांति श्रीवास, सावित्री धांधी, विनोद साहू, जनक देवांगन, पोहर पांडे , सुरेश पटेल, रघुनंदन सिंह, गणेश कुलदीप, कल्पना पांडे, राजेश्वरी राठौर, मीनू त्रिवेदी , शबीना खातून, शबनम खान सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।



## कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर





-संवाददाता-

**बलामपुर,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** बलरामपुर रामानुजगंज जिले में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम को जिला मुख्यालय स्थल पहुंचने पर आत्मीय स्वागत कर सर्किट हाउस स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रेना जमील सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही हसदेव जंगल में पेडों की कटाई शुरूःचन्द्रदीप कोर्चो

-संवाददाता-

**सुरजपुर,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सूरजपुर जिला महासचिव चन्द्रदीप कोर्चो ने प्रदेश के नई भाजपा सरकार को हसदेव जंगल के पेड़ कटाई का जिम्मेदार ठहराया। वहीं कोर्चो ने कहा हसदेव जंगल को बचाने के लिए स्थानीय लोग और शोशल मीडिया पर लाखों लोगों ने पेड़ कटाई का विरोध किया है, लेकिन प्रदेश सरकार मौन है। परसा केते कोल माइंस के लिए घाटबर्रा के पेंड्रामार जंगल के पेड़ कटाई से हजारों जीव जंतुओं की आशियाना उजड़ा गया है और स्थानीय लोगों का जीविका संसाधन खत्म हो गई। स्थानीय लोग वर्षो से कोल माइंस खदान के विरोध करते आ रहे हैं लेकिन स्थानीय विधायक, मंत्री चुप्पी साधे हैं, भाजपा सरकार कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ के खनिज संपदा को बेच दे रहा है। शासन - प्रशासन के सहयोग से हजारों पुलिस फोर्स को तैनात कर पेड़ों की कटाई अंधा धुंध किया जा रहा है जहां स्थानीय आदिवासी समुदाय में भारी आक्रोश है, प्रदेश के मुख्यमंत्री आदिवासी समुदाय के हैं लेकिन आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन, हक अधिकार संस्कृति, परम्परागत मान्यतों को संरक्षण करने में विफल हुए। माननीय मुख्यमंत्री स्वंय सरगुजा अंचल से आते हैं यहां के आदिवासी समाज उनसे अपेक्षा रखती है कि वो प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगें, वहीं जिस समुदाय से आगे आकर उन्हें राज्य का नेतृत्व करने का मौका मिला है तो कम से कम उनके हितों की रक्षा करें। केंद्र व प्रदेश सरकार हसदेव जंगलों की कटाई जल्द बंद करें। नहीं तो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सभी जिला मुख्यालयों में आंदोलन करने लिए बाध्य होगी।



## साइबर अवेयरनेस के तहत एनसीसी कैडेट्स को दी गई साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी

-संवाददाता-

**कोरबा,28 दिसम्बर 2023 (घटती-घटना)।** जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के दिशा निर्देश एवं साइबर सेल प्रभारी सउनि. अजय सोनवानी के मार्गदर्शन पर समय-समय पर सायबर सेल की टीम द्वारा छात्रों एवं आमजनों को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक किए जाने का कार्य किया जा रहा है । इसी क्रम में शासकीय ई. व्ही. पी. जी. महाविद्यालय हॉस्टल के एनसीसी कैंप में शामिल होने वाले लगभग 400 कैडेट्स सैनिक एवं आर्मी स्टाफ के लिये साइबर सेल की टीम द्वारा ÷साइबर अवेयरनेस÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें साइबर बुलिंग साइबर स्टॉकिंग साइबर फिशिंग डार्क वेब आनलाइन फ्राड फेसबुक इंस्टाग्राम एवं व्हाट्स अप से संबंधित जानकारी दिया गया ।




**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रंजीत बेक स्व0 गोमे राम निवासी गांधीनगर वार्ड थाना व तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पिता) गोमे राम आ0 जेदू राम मृत्यु की दिनांक 19/10/2006 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपति हो, तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0- /अ-20(1)/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार सोनी आ0 रमेश प्रसाद सोनी, निवासी-वार्ड 36 बंगाली मैदान जरहागढ़, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है, कि मोहल्ला-नमनाकला, नगर अम्बिकापुर स्थित शासकीय नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक 243/1 में से रकबा 0.05 एकड़ को मकान निर्माण हेतु आबंटित किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपति हो, तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-12/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज छ0ग0**

**//संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रं0 01 //**

क्रं0/पुअ/बल/एसी-1/निविदा/एम/3828/2023 — दिनांक 23.12.203

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से भण्डार क्रय नियम 2002 छ0ग0 शासन के नियमानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के नाम पर खुली निविदा दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। कोरे भाव पत्रक पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर/वाणिज्य कर /चुकता एवं अधिकृत विक्रेता प्रमाण - पत्र सहित ) कोरे निविदा प्रपत्र की राशि 0055 पुलिस.800 अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत चालान के माध्यम से जमा कर कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किये जा सकते है। अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जावेगी।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री दिनांक -दिनांक 24/01/2024 के कार्यालयीन समय तक।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक - दिनांक 25/01/2024 को सायं 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - दिनांक 25/01/2024 को सायं 4.00 बजे तक।

| क्रं0 | स्थान का नाम | कार्य का नाम | प्राप्त बजट आवंटन राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रक्षित केन्द्र बलरामपुर | एम्युनेशन एवं एक्सप्लोसिव के भंडारण हेतु मैग्जीन भवन निर्माण कार्य | 19,99,000 |

नोटः-

1. कार्य के लिये अमानत राशि सारणी 59970/-रूपये जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य 750.00, कार्यावधि 01 माह वर्षाकाल सहित है एवं निविदाकार वर्ग डी एवं उससे अधिक का होना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र भारतीय स्टेट बैंक के शाखा में 0055 पुलिस हेड (मिसलेनियस) में चलान कटा होने पर विक्रय किया जावेगा।
2. निविदाएं सीलबंद लिफाफा में प्रस्तुत करना होगा, जिसके भीतर प्रथम लिफाफा में अमानत राशि, द्वितीय लिफाफा में भावपत्र रहेगा।
3. शर्तें एवं जानकारी इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त करें ।
4. किसी भी प्रकार के वाद की स्थिति में अधीक्षक का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

पुलिस अधीक्षक बलरापुर-रामानुजगंज

जी नंबर- 06708/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग क्र.2, रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ0ग0)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eprocurement portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 12.01.2024 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम निविदा क्र./ निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र.150253 नि.सू.क्र. 01/वलेलि/2023-24 दिनांक 22/12/2023 | विजयनगर भाला व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर कार्य में 390 मी. एम.एस पाईप एक्वाडक्ट लगाने का कार्य 33 नग पीयर का निर्माण कार्य, आर. डी. 700 मी.से 1440 मी. कुल 740 मी.आर. सी.सी. एन.पी.3 1000 एमएम व्यास का हयूम पाईप का सप्लाई व फिक्सिंग कार्य मुख्य नहर के आर.डी. 1440 मी. से 2740 मी. तक नहर खुदाई कार्य व माईनर नहर के आर.डी.0 मी. से 2040 मी.तक नहर खुदाई का कार्य तथा मुख्य व माईनर नहर में 03 नग सूपर पैसेज, 01 हेड रेग्युलेटर, 05 नग व्ही .आर.बी., 02 नग सी.डी. 15 नग फॅाल तथा 20 नग कोलाबा पाईप सहित निर्माण कार्य। | रू. 375.68 लाख |
| सि.नि.क्र.150254 नि.सू.क्र. 02/वलेलि/2023-24 दिनांक 22/12/2023 | देवीगंज जलाशय योजना के बांध व नहर के जीणोद्धार कार्य अन्तर्गत शीर्ष कार्य में 01 नग वेस्ट वियर का निर्माण आर.डी. 0 मी. से 290 मी.तक बांध में मिट्टी कार्य मूरूम फिलिंग व पिचिंग कार्य तथा नहर कार्य में मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी से 1560 मी. सी.सी. चैनल का निर्माण, माईनर नहर क्र. 01 में 210 मी. सी.सी. चैनल निर्माण माईनर नहर क्र. 03 में 190 मी. सी.सी. चैनल निर्माण ,01 नग व्ही.आर.बी.,01 नग हेड रेग्युलेटर, 03 नग फॉल व 20 नग कोलाबा पाईप का निर्माण कार्य सहित। | रू. 237.36 लाख |
| सि.नि.क्र.150255 नि.सू.क्र. 03/वलेलि/2023-24 दिनांक 22/12/2023 | कामेश्वरनगर जलाशय योजना के बांध व नहर के जीणोद्धार कार्य अन्तर्गत शीर्ष कार्य में 01 नग वेस्ट वियर का निर्माण आर.डी. 0 मी. से 540 मी. तक बांध में मिट्टी कार्य, मूरूम फिलिंग, गहरीकरण व स्टेन पिचिंग कार्य तथा नहर कार्य में मुख्य नहर के आर.डी. 270 मी से 1155 मी.सी.सी.चैनल का निर्माण, माईनर नहर क्र.01 में 0 मी. से 780 मी.सी.सी. चैनल निर्माण, 01 नगर व्ही.आर.बी., 01 नग फॉल व 16 नग कोलबा पाईप का निर्माण कार्य सहित । | रू. 217.33 लाख |
| स.नि.क्र.150256 नि.सू.क्र. 01/वलेलि/2023-24 दिनांक 22/12/2023 | गिरवानी व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार तथा नवीनीकरण कार्य। | रू. 280.05 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.12.2023 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकेते है ।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतगर्त ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 2,रामानुजगंज छ0ग0
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर, छ0ग0

जी नंबर -06682/2

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा, (छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0- /ब-121/ 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल गर्ग आ0 स्व0 राजेन्द्र कुमार निवासी विजय मार्ग गली अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 60/45, 74/12 रकबा 0.004, 0.007 हे0 भूमि को अनावेदक नरेन्द्र कुमार यादव आ0 रामसेवक यादव निवासी खुरनडीह तहसील धौरपुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रूपये 7,50,000/-में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपति हो, तो सुनवाई दिनांक 24.01.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/अपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 21/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर


CMYK

# महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वीटी,जैस्मिन ने जीता स्वर्ण

**रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित आठ पदकों के साथ लगातार चौथी टीम चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया**

**ग्रेटर नोएडा,28 दिसम्बर 2023।** मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीटी बूरा (81 किग्रा) और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन (60 किग्रा) ने 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में खिताब के लिए अपनी जगह बना ली है। ग्रेटर नोएडा में इंडोर स्टेडियम। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) ने टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए पांच स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य सहित आठ पदकों के साथ लगातार चौथी टीम चैंपियनशिप का खिताब हासिल किया। गौतम बौद्ध नगर से सांसद डॉ. महेश शर्मा ने बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय सिंह और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मुक्केबाजों को पदक प्रदान किए। आयोजित प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में, तीन स्वर्ण पदक, तीन रजत और एक कांस्य के साथ, हरियाणा ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) एक स्वर्ण पदक, दो रजत और तीन कांस्य सहित कुल छह पदक के साथ तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाली स्वीटी 81 किग्रा वर्ग में लालफाकमावी राल्टे के खिलाफ बहुत मजबूत दिखीं क्योंकि मिजोरम की मुक्केबाज ने उनके खिताब की रक्षा के लिए कोई खतरा पैदा नहीं किया। स्वीटी ने 5-0 से आसान जीत हासिल करने के लिए मुक्कों की झड़ी लगा दी। हालाँकि, सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का प्रतिनिधित्व करने वाली जैस्मीन के लिए यह उतना आसान नहीं



था। पंजाब की मुक्केबाज सिमरनजीत कौर बाथ ने मुकाबले को बराबरी पर ला दिया, लेकिन जजों ने इसे जैस्मिन के पक्ष में 4-3 से घोषित कर दिया। बाद में जैस्मीन को चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज चुना गया और टीम उत्तर प्रदेश को फेयर प्ले पुरस्कार दिया गया। जहां यूपी की सोनिया ने बेस्ट चैलेंजर का पुरस्कार जीता, वहीं राजस्थान की ललिता बेस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर बनीं। फाइनल में प्रवेश करने वाले छह आरएसपीबी मुक्केबाजों में से पांच अपनी टीम के लिए स्वर्ण पदक लेकर लौटे।आरएसपीबी की 50 किग्रा मुक्केबाज अनामिका को पिछले साल रजत पदक से संतोष करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने इस संस्करण में हरियाणा की कल्पना पर 5-0 से जीत के साथ अपने पदक का रंग बेहतर किया। इसके तुरंत बाद ज्योति ने एआईपी की शविंदर कौर सिद्धू पर 5-0 से आसान जीत दर्ज की और आरएसपीबी के लिए दूसरा पदक जीता। 54 किग्रा भार वर्ग में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही शिक्षा ने उत्तर प्रदेश की सोनिया को 5-0 से हराकर आरएसपीबी का तीसरा पदक जीता। 2016 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया लाठेर ने 57 किग्रा वर्ग के स्वर्ण के लिए अपने पक्ष में 4-3 के करीबी फैसले का दावा करने से पहले एसएससीबी की साक्षी के खिलाफ रिंग के अंदर कुछ कठिन समय बिताया। आरएसपीबी की मौजूदा चैंपियन नुपुर ने 81+किग्रा वर्ग में हरियाणा की रितिका को 5-0 से हराकर अपना ताज बरकरार रखा। यह केवल आरएसपीबी की 75 किग्रा मुक्केबाज नंदिनी थीं, जिन्हें 2020 टोक्यो ओलंपियन हरियाणा की पूजा रानी से एकतरफा मुकाबले में 0-5 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।63 किग्रा वर्ग में ऑल इंडिया पुलिस की सोनू पर 5-0 से जीत दर्ज करने के बाद प्राची स्वीटी और पूजा के साथ हरियाणा की तीसरी स्वर्ण पदक विजेता बन गई।दो युवा विश्व चैंपियंस के बीच मुकाबले में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की अरुंधति चौधरी ने असम की अंकुशिता बोरो को 5-0 से हराते हुए जीत का अंतर हासिल किया। यह टूर्नामेंट में एसएससीबी का दूसरा स्वर्ण पदक था, जिसमें 12 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करने वाले 300 से अधिक मुक्केबाजों की उपस्थिति में रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखी गई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया,शीर्ष चार में बनाई जगह



**लिवरपूल,28 दिसम्बर 2023।** मैनचेस्टर सिटी ने गुडिसन पार्क में दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए प्रीमियर लीग में एवर्टन पर 3-1 से जीत हासिल की। फिल फोडेन, जूलियन अल्वारेज़ और बर्नार्डो सिल्वा के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने एवर्टन को 3-1 से हराया और अब वे लिवरपूल से पांच अंक पीछे हैं, जबकि उनके हाथ में एक मैच बाकी है।

पिछले हफ्ते सऊदी अरब में फीफा क्लब विश्व कप की शानदार जीत के बाद घरेलू एक्शन में वापसी पर सिटी जैक हैरिसन की पहली हाफ स्ट्राइक से ब्रेक में पिछड़ गया था। कुछ ही मिनट बाद हैरिसन के पास लगभग दूसरा मौका था, लेकिन एडर्सन ने यह गोल बचाया।

सिटी के लिए फिल फोडेन (53′), जूलियन अल्वारेज़ (64′) और बर्नार्डो सिल्वा (86′) ने गोल किये, जबकि, एवर्टन के लिए एकमात्र गोल जैक हैरिसन (29′) ने किया। इस जीत के साथ सिटी चौथे स्थान और 37 अंक पर पहुंच गई है। एवर्टन 16 अंकों के साथ ल्यूटन टाउन से एक अंक ऊपर 17वें स्थान पर बना हुआ है।

## भारत के खेल क्षेत्र में वृद्धि



**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023।** एशियाई खेलों 2022 में एक ऐतिहासिक अभियान के समर्थन से, भारत के खेल क्षेत्र में 2023 में एक उल्लेखनीय बदलाव आया है, ऐतिहासिक मील के पत्थर हासिल किए गए हैं और विभिन्न खेल विषयों का विकास देखा गया है।

107 पदकों की रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धि के साथ, भारत के प्रतिभाशाली एथलीटों ने विभिन्न खेल विषयों में अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से, एथलेटिक्स असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरा, जो कुल पदकों का 20 प्रतिशत था और देश के प्रभुत्व को दर्शाता है। पुनित बालन समूह (पीबीजी) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पुनित बालन ने भारत के खेल उद्योग के विकास और देश में विविध खेलों को बढ़ावा देने में पीबीजी की भूमिका पर अंतर्दृष्टि साझा की। पिछला वर्ष भारतीय खेल परिदृश्य के लिए एक यादगार यात्रा रहा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौ से अधिक लीगों में हमारे रणनीतिक निवेश ने देश में ओलंपिक, स्वदेशी और गैर-ओलंपिक खेलों के लिए एक संपन्न और टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में योगदान दिया है। इस प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण भारतीय टेनिस स्टार रुतुजा भोसले हैं, जो पीबीजी समर्थित एथलीट हैं, जिन्होंने इस साल एशियाई खेलों में मिश्रित युगल टेनिस में स्वर्ण पदक जीता था। 2024 में पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए, हमारा ध्यान अधिक एथलीटों के लिए अपना समर्थन बढ़ाना, उन्हें आवश्यक संसाधन प्रदान करना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समर्थन देना है।

# खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग में साई शक्ति

### जय भारत ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023।** खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग चरण 1 के सातवें दिन साई शक्ति टीम, खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई बाल टीम और जय भारत हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते।

### साई शक्ति टीम की बड़ी जीत



दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने राजा करन हॉकी अकादमी को 28-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (4′, 34′, 35′, 42′, 45′, 49′, 54′) ने सात गोल किए, कप्तान काजल (3′, 6′, 22′, 29′, 50′, 60′) ने स्कोर किया छह गोल, बिनती मिंज (2′, 9′, 25′, 56′) और रवीना (15′, 20′, 38′, 55′) ने चार-चार गोल किए, श्वेता (12′, 57′) और साक्षी (24′) ने चार-चार गोल किए। ', 59′) ने ब्रेसिज़ बनाए जबकि नवरूप कौर (7′), तम्मन्ना (14′) और निशा दादेल (18′) ने एसएआई शक्ति टीम के लिए एक-एक गोल किया।

ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने करीबी गेम जीता दिन के दूसरे मैच में खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को 2-1 से हराया। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई-परफॉर्मेंस सेंटर की डोली भोई (18′) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का पहला गोल किया।पांच मिनट बाद अक्षिता (23′) ने खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए बराबरी कर ली, लेकिन मधु सिदार (28′) ने दूसरे क्वार्टर के अंत में उन्हें बढ़त दिला दी। उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मैच 2-1 से जीत लिया।

एसएआई बाल टीम के लिए यह आसान है: दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी को 12-0 से हराया। वंदना पटेल (17′, 52′, 57′) ने हैट्रिक बनाई, रिया (15′, 27′), तनीषा एक्का (30′, 48′) और सिसलिया सैंडी पूर्ति (38′, 53′) ने ब्रेसिज़ बनाए और स्ध्ध बाल टीम के लिए ज्योति ज़ाक्सा (26′), निधि (42′) और लालपेकसंगी (55′) ने एक-एक गोल किया।

जय भारत हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता को हराया: दिन के चौथे मैच में जय भारत हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 3-1 से हराया। मैच का पहला गोल भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता ने किया और यह अंजलि (6′) ने किया। हालाँकि, निशा (23′, 45′) के दो और कप्तान अन्नू (51′) के फील्ड गोल का मतलब था कि जय भारत हॉकी अकादमी 3-1 से मैच जीत जाएगी।

## आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने प्रसारण और डिजिटल रिकॉर्ड तोड़ दिए

**दुबई,28 दिसम्बर 2023।** भारत में आयोजित आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ने दुनिया भर में प्रसारण और डिजिटल रिकॉर्ड तोड़ दिए, जिससे यह अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बन गया।

इस आयोजन में, जिसने ऑस्ट्रेलिया को छठी बार चैंपियन का ताज पहनाया, प्रसारण के 1 ट्रिलियन वैश्विक लाइव देखने के मिनटों का रिकॉर्ड दर्ज किया गया, जिसमें वर्टिकल वीडियो फ़ीड जैसे नए तकनीकी नवाचार शामिल थे, जो प्रशंसकों को उनके मोबाइल पर एक आसान और अधिक सहज देखने का अनुभव प्रदान करता है।

# मैन ऑफ क्राइसिस केएल राहुल की तारीफ करते नजर आए राठौड़

**सेंचुरियन ,28 दिसम्बर 2023।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन भारत की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई, लेकिन केएल राहुल के नाबाद अर्धशतक की बदौलत दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया का स्कोर 200 के पार पहुंच गया। मैच के बाद भारतीय बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने केएल राहुल की इस शानदार पारी की जमकर तारीफ की।

अफ्रीकी तेज आक्रमण से निपटने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को पहले दिन खूब संघर्ष करना पड़ा। टॉप ऑर्डर के जल्द पवेलियन लौट जाने के बाद टीम इंडिया बैकफुट पर थी।



100 रन के भीतर चार विकेट गिर चुके थे। फिर, केएल राहुल क्रीज पर आए। उन्होंने एक छोर को संभाले रखा। पहले दिन का खेल खत्म होने तक राहुल नाबाद 70 रन बना चुके हैं। उन्होंने 105 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए हैं। ऐसे में विक्रम राठौर ने केएल राहुल को टीम इंडिया का 'संकटमोचक' बताया है।राठौड़ ने कहा, मुझे लगता है कि वह निश्चित रूप से हमारे लिए 'मैन ऑफ क्राइसिस' हैं। हर बार कठिन परिस्थितियां में ज्यादातर समय वह टीम के लिए खड़ा रहते हैं। राहुल एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो उन परिस्थितियों को वास्तव में अच्छी तरह से संभालते हैं। उन्हें पता है कि अच्छी बॉल्स को डिफेंड करना है जबकि खराब बॉल्स पर रन बनाना है।परिस्थितियों को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भारत को कड़ी चुनौती देने के लिए पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हालांकि विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ एक अच्छी साझेदारी की लेकिन एक बार जब प्रोटियाज़ इस पार्टनरशिप को तोड़ने में कामयाब रहे तो बल्लेबाजी की जिम्मेदारी पूरी तरह से राहुल के कंधों पर आ गई।कोच राठौर ने कहा, बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां कठिन थी। लंच तक हम तीन विकेट गंवा चुके थे और स्कोर मात्र 91 रन था। कोहली और अय्यर के बीच अच्छी साझेदारी हुई। कोच का मानना है कि शुरुआती पतन के बावजूद भारत ने दिन का खेल खत्म होने तक शानदार वापसी की। बारिश से बाधित पहले टेस्ट के पहले दिन भारत ने 8 विकेट पर 208 रन बना लिए। केएल राहुल 70 रनों पर नाबाद हैं। उनके साथ क्रीज पर सिराज हैं। वहीं रबाडा ने पांच विकेट झटके।

## एशियन गेम्स में भाग लेगी भारतीय फुटबॉल टीम



**नई दिल्ली,28 दिसम्बर 2023।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को खेल मंत्रालय से छूट मिल गई है और वह 23 सितंबर से चीन के हांगझू में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में भाग ले सकेगी। वर्तमान में एशिया में टीम इंडिया रैंकिंग में 18वें स्थान पर है. बता दें कि खेल मंत्रालय का नियम कहता है कि एशियाई गेम्स में टॉप 8 में रहने वाली टीम को ही टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमती होती है। अब खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया कि और लिखा कि पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें इस बड़े टूर्नामेंट में खेल सकेगी। अनुराग ठाकुर ने इस बारे में ट्वीट किया और फुटबॉल के फैन्स को खुशखबरी दी, उन्होंने लिखा, भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर..हमारी राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें, पुरुष और महिला दोनों, आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए तैयार हैं। भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय ने उन दोनों टीमों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए नियमों में ढील देने का निर्णय लिया है, जो मौजूदा मानदंड के अनुसार एशियाई खेलों में भाग लेने के योग्य नहीं थीं।

## महिला क्रिकेट में टेस्ट मैचों की संख्या बढ़नी चाहिए : हॉकले



**मेलबर्न,28 दिसम्बर 2023।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने खुलासा किया है कि वह भविष्य में अधिक महिला टेस्ट मैचों के समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि उनके मन में भविष्य में तीन मैचों की महिला टेस्ट श्रृंखला के बारे में भी विचार है।

हॉकले का यह बयान तब आया है जब ऑस्ट्रेलिया ने 40 साल के अंतराल के बाद इस महीने की शुरुआत में भारत में एकमात्र टेस्ट खेला था जिसमें हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मेजबान टीम वानखेड़े स्टेडियम में चार दिवसीय मैच में आठ विकेट से विजयी हुई थी। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक रेड-बॉल क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की। एसईएन रेडियो पर हॉकले ने कहा, मैं सभी प्रारूप श्रृंखलाओं का प्रबल समर्थक रहा हूं। मुझे खुशी है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के साथ कम समय में तीन सीरीज मिली। जाहिर तौर पर अगली ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों में एशेज की वापसी होगी। मैं अधिक टेस्ट क्रिकेट खेलने का समर्थक हूं। मुझे लगता है कि एक बहु-प्रारूप श्रृंखला के हिस्से के रूप में यह इसे बहुत अच्छा संदर्भ देता है।

महिला टेस्ट क्रिकेट आमतौर पर सफेद गेंद के खेल सहित बहु-प्रारूप श्रृंखला का हिस्सा रहा है। हालांकि, एकमात्र टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की जीत एक बड़ा क्षण था।

ऑस्ट्रेलिया को अगला महिला टेस्ट फरवरी 2024 के मध्य में पर्थ के डब्ल्यूएसीए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलना है।

भारत में टेस्ट मैच देखना बहुत अच्छा था। एक अच्छी प्रतियोगिता जहां आप देख सकते हैं कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे को कड़ी टक्कर दी। हॉकले ने कहा, हम बहु-प्रारूप के हिस्से के रूप में अधिक टेस्ट क्रिकेट की वकालत करते रहेंगे और हो सकता है कि भविष्य में हम तीन टेस्ट मैचों की एक प्रमुख श्रृंखला के बारे में अपनी बात रखें।

# चोरी-छिपे सैफ अली खान ने कर ली थी अमृता सिंह से शादी





सैफ अली खान ने 20 साल की उम्र में अमृता सिंह से शादी की थी। वो भी बिना किसी को बताए। उन्होंने इसकी जानकारी अपने माता-पिता को भी नहीं दी थी। दोनों की शादी काफी लंबा चलने के बाद टूट गई। सालों पहले हुए तलाक के बाद सैफ अली खान ने अब अपने अमृता के रिश्ते और सादी पर बात की। इस बातचीत के दौरान उनकी मां शर्मिला टैगोर भी साथ थीं। दरअसल शादी से जुड़ा ये बड़ा खुलासा %कॉफी विद करण% के हालिया एपिसोड में हुआ है, जब सैफ अली खान अपनी मां और दिग्गज एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के साथ काउच पर बैठे नजर आए। इस दौरान सैफ अली के साथ ही उनकी मां ने भी सैफ अली खान के अमृता सिंह संग रिश्ते पर बात की।

### सैफ के फैसले से आहत हुई थीं अमृता सिंह

कॉफी विद करण में करण जौहर के सवाल के जवाब में शर्मिला टौगोर ने सैफ की अमृता संग शादी का किस्सा सुनाया, जिसमें उन्होंने तलाक का भी जिक्र किया और बताया कि कैसे शादी और तलाक दोनों ही पूरे परिवार की जिंदगी पर प्रभावी रहे थे। शो के दौरान ही खुलासा हुआ कि सैफ से शर्मिला शादी के ठीक एक दिन बाद मिलने आई थीं। उन्हें शादी होने की जानकारी नहीं थी। वो नहीं चाहती थीं कि ये शादी हो और इसी वजह से उन्होंने सैफ अली खान को शादी के लिए मना किया, जिसके जवाब में उन्हें पता चला कि वो एक दिन पहले ही शादी कर चुके हैं। इस पर सैफ ने बताया कि उनका जवाब सुनने के बाद उनकी मां की आंखों से आंसू गिरने लगे और उन्होंने कहा कि वो इस फैसले से हर्ट हुई हैं।

### सैफ ने बताई शादी की वजह

इसके बाद सैफ अली खान ने इतनी कम उम्र में अचानक शादी करने के अपने फैसले के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, यह एक तरह से घर से भागने जैसा था। वहां बहुत सारी चीजें चल रही थीं और मुझे एक तरह की सुरक्षा वाली फीलिंग इससे आई। मुझे ये सब अच्छा लग रहा था। नुझे लगा कि मैं एक अपना परिवार और घर बना सकूंगा। इसलिए मैंने ऐसा किया था।

### ऐसे है अब अमृता से रिश्ते

सैफ ने इस दौरान ये भी बताया कि 20 साल की उम्र में उन्होंने शादी की और भी चीजें बदल गई। इसके बावजूद भी उनकी पूर्व पत्नी अमृता सिंह उनके लिए बड़ा सपोर्ट रही थीं। दोनों के बीच इसके बाद भी सम्मानजनक रिश्ता रहा और दोनों ने साथ मिलकर अपने बच्चों सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की परवरिश की। .वह इस बात की भी सराहना करते हैं कि कैसे हर किसी की तरह अमृता ने सकारात्मक गतिशीलता को बढ़ावा देने का प्रयास किया और याद किया कि कैसे उन्होंने उनकी और करीना की शादी के लिए अपने बच्चों को तैयार किया था।

### तलाक ने किया परेशान

इसी दौरान सैफ अली खान की मां शर्मिला टैगोर ने भी खुलासा किया कि उनका रिश्ता आसान नहीं रहा। रिश्ते में आए उतार-चढ़ाव ने न सिर्फ सैफ और अमृता बल्कि पूरे परिवार को परेशान किया। दोनों के अलग होने की वजह से बच्चे भी घर से दूर हुए और इब्राहिम उस समय सिर्फ तीन साल का था। ऐसे में मंसूर अली खान पटौदी पोते इब्राहिम के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाए, जबकि वो उन्हें बहुत पसंद था।

कॉफी विद करण में अब तक सनी देओल-बॉबी देओल, रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण, करीना कपूर-आलिया भट्ट, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा, काजोल-रानी मुखर्जी, कियारा अडवाणी-विक्की कौशल, आदित्य रॉक कपूर-अर्जुन कपूर, रोहित शेट्टी-अजय देवगन और सारा अली खान-अनन्या पांडे नजर आ चुके हैं। हालिया एपिसोड में मां-बेटे सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर की जोड़ी शो में नजर आई।



## शाहिद कपूर,पूजा हेगड़े स्टारर फिल्म देवा का पहला शेड्यूल मुंबई में पूरा

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े स्टारर अपकमिंग फिल्म देवा ने मुंबई में अपना पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर है, जिसका निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। मुंबई में फिल्माई गई देवा के लिए शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई थी। निर्माताओं ने फिल्म के पहले शेड्यूल के पूरा होने की पुष्टि करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। फिल्म का निर्माण रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियोज के सिद्धार्थ रॉय कपूर ने किया है। इससे पहले, थप्पड़, मेड इन हेवन और दोबारा फेम अभिनेता पावेल गुलाटी देवा के कलाकारों में शामिल हुए थे। यह फिल्म एक विद्रोही पुलिस की मनोरंजक कहानी को उजागर करने के लिए तैयार है।

इसके बारे में बात करते हुए, पावेल ने एक बयान में कहा: मैं इस शानदार यात्रा को शुरू करने के लिए अविश्वसनीय रूप से उत्साहित हूं। शाहिद कपूर और अद्भुत निर्देशक रोशन एंड्रयूज जैसी असाधारण प्रतिभाओं के साथ सहयोग करने के लिए बिल्कुल रोमांचित हूं।

अभिनेता ने आगे कहा, यह अवसर न केवल मेरे लिए एक महत्वपूर्ण है, बल्कि एक चुनौती भी है, जिसका मैं तहे दिल से स्वागत करता हूं और अपनाने के लिए उत्सुक हूं। यह मजेदार होने वाला है।

## संक्षिप्त खबरें

### 1 मार्च से 12वीं और 2 मार्च से 10 वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू होगी



**माशिमं ने जारी की समय-सारणी**

**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के लिए समय-सारणी घोषित कर दिया है। इसके तहत मुख्य परीक्षा 02 मार्च से 10वीं की परीक्षा शुरू होगी, वहीं 12वीं की परीक्षा 01 मार्च से शुरू होगी। 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च तक चलेगी। वहीं 12वीं की परीक्षा 23 मार्च तक चलेगी।

### एमडी उज्जवला बघेल का इस्तीफा हुआ मंजूर



**मनोज खरे को एक्सटेंशन के साथ अतिरिक्त प्रभार**

**रायपुर,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी उज्जवला बघेल का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। गुरुवार देर शाम इस आश्य के आदेश जारी हुए। उनकी जगह एमडी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी मनोज खरे को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। खरे का भी कार्यकाल खत्म हो गया है और सरकार ने मार्च तक एक्सटेंशन दिया है।

### पूर्व मंत्री के सरकारी बंगले में लगी आग, दस्तावेज खाक



**रायपुर,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** जेल रोड स्थित एक पूर्व मंत्री के सरकारी बंगले को खाली करने के दौरान अचानक आग लग जाने से बंगले में रखे दस्तावेज जलकर खाक हो गए । यह बंगला पूर्व मंत्री रुद्र गुरु का सरकारी आवास है। ये आग अचानक कंप्यूटर रूम में लगी। जिसमें अलमारी में रखे सभी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। फिलहाल दमकल की गाड़ी आग बुझाने में जुटी हुई है। सरकारी बंगले को खाली करने काम चल रहा था। जानकारी के मुताबिक आग लगने के समय पूर्व मंत्री रुद्र गुरू बंगले पर ही मौजूद थे। वहीं आग लगने का कारण अज्ञात है।

### बुजुर्गों के निःशुल्क शारीरिक जांच के दिया गया आदेश



**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** चुनावी घोषणा पत्र में किए गए तीन से ज्यादा वादों को सरकार अब तक पूरा कर चुकी है। अब बुजुर्गों को निःशुल्क शारीरिक जांच का वादा भी सरकार ने पूरा कर दिया है।

# जशपुर को सीएम ने दिया 110 करोड़ रुपए की सौगात

- जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह
- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को विकसित भारत का दिलाया संकल्प
- मुख्यमंत्री श्री साय और श्री जूदेव की गहरी आत्मीयता रही
- क्षेत्र के विकास में साथ मिलकर किया काम




**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** जशपुरिया माटी अटल सुशासन समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का सम्बोधन किया । आज जशपुर नगर की इस पावन भूमि में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में आप सभी का स्वागत है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद का दायित्व संभालने के बाद पहली बार जशपुर आया हूं। आप लोगों ने जिस प्यार और दुलार के साथ मेरा स्वागत किया है उसके लिए सभी को धन्यवाद। जशपुर की भूमि को प्रणाम करता हूं। यह मेरी कर्म भूमि रही है। स्वर्गीय जूदेव जी मेरे राजनीति के आदर्श रहे हैं।जशपुर आगमन पर आप सभी ने जैसा स्वागत किया उसे मैं जीवन भर नहीं भूल पाऊंगा। यह स्वागत मेरा नहीं पूरे जशपुर का स्वागत है।

आज 110 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण हुआ है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। आपके बेटे को बहुत बड़ा दायित्व मिला है, उसे पूरा करूंगा। आपके बेटे को जिम्मेदारी मिली हैं, आप सभी का मार्गदर्शन मुझे मिलता रहे। मैं सदैव जशपुर का नाम रोशन करता रहूं। सभी वर्ग की चिंता करते हुए हमने छत्तीसगढ़ के लोगों से वादा किया था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आपको गारंटी दी थी कि हमारा पहला काम 18 लाख आवासहीनों का मकान बनाना होगा।

13 तारीख को हमने शपथ ली और 14 को प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया। शपथ-ग्रहण के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना से 18 लाख परिवारों को लाभान्वित करने की गारंटी पूरी कर दी। विधानसभा में इसके लिए बजट भी पारित करवा लिया गया है।

25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में दो साल के बकाया बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए का अंतरण भी कर दिया गया है।

राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर विवाहित महिला को हर माह 1000 रुपए की सहायता देने का निर्णय लिया है। इसके लिए भी बजट प्रावधान कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ की मिट्टी उर्वरा से भरपूर है, और अब हमारी डबल इंजन की सरकार है। केंद्र सरकार ने वादा किया है कि संसाधनों की कमी नहीं होगी। कलेक्टर, एसपी से कहूंगा कि ऐसा मास्टर प्लान बनाए कि लोग कहें कि कोई जशपुर का मुख्यमंत्री बना था। जशपुर और पूरे सरगुजा संभाग में पर्यटन के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं। हम पर्यटन सुविधाओं में बढ़ोतरी के जरिये रोजगार के नये अवसरों का सृजन करेंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कार्य करेंगे।

जशपुर को सुंदर बनायेंगे, पूरे छत्तीसगढ़ को आगे ले जायेंगे।छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया को चरितार्थ करेंगे।



### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा का किया माल्यार्पण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिला मुख्यालय में रणजीता स्टेडियम के समीप स्थापित स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। यहां पहुंचने पर ग्राम कोमड़ो एवं बुमतेल से आए पारंपरिक सरहुल और कर्मा नर्तक दल ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्रीमती रायमुनि भगत और श्रीमती गोमती साय, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, श्री कृष्णा राय, श्री राजू गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## राज्यपाल ने करोड़ों के मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी की जांच के दिए आदेश

**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** नगर पालिका नगर पंचायतों में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी में भारी गड़बड़ी/घोटाला से जुड़ा हुआ है। अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता ने एक शिकायत आवेदन राज्यपाल को दिया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए राज्यपाल ने करोड़ों के मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी में गड़बड़ी की जांच का आदेश दिया है।

राज्यपाल ने नगरीय निकाय सेक्रेट्री से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, एक ही कंपनी ने पूरे प्रदेश में सप्लाई कर दिया। वो भी एक एग्रो कंपनी है । जिसे मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की तकनीकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं है। मामला प्रदेश के नगर पालिका नगर पंचायतों में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन खरीदी में भारी गड़बड़ी/घोटाला से जुड़ा हुआ है।



अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता ने 20 नवंबर 2023 को एक शिकायत आवेदन राज्यपाल को दिया था, जिसमे यह उल्लेख किया गया था कि राज्य में वर्ष 2018 से लेकर 2022 तक अलग-अलग नगर पंचायतों एवं नगर पालिका में मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी की गई है ।

पूरे प्रदेश में एक ही संस्था से मिनी स्काई लिफ्ट मशीन बाजार से अधिक दर पर खरीदी की गई है मिनी स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी के सम्बंध में सूची प्रदान की गई जिसमें नगर पंचायत का नाम, मिनी स्काई लिफ्ट मशीन सप्लायर करने वाले फर्म का नाम,वर्कऑर्डर दिनांक, खरीदी की गई मशीनों की संख्या एवं भुगतान किए गए राशि का विवरण दिया गया था।

## चक्रव्यूह में फंसकर मैं चुनाव हारा:टीएस सिंहदेव

**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव में मिली पराजय के बाद भी कांग्रेस के दिग्गज नेता व पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव लगातार मीडिया से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने अपनी पराजय के लिए चक्रव्यूह रचने की बात कही है। श्री सिंहदेव ने यहां तक कहा है कि दिल्ली में हुइ कोर कमेटी की बैठक में भी उन्होंने इस बात को रखा था। सरगुजा में दूसरी परिस्थिति थी, पिछले चुनाव में सरगुजिया सरकार को लेकर लोगों में जो उत्साह था वह इस बार नहीं देखा गया. हराने के लिए चक्रव्यूह रचा जा रहा था. जानते हुए भी मैं अभिमन्यु नहीं बन सका. यह मेरी कमी है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बघेल सरकार के कई मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है. इसमें डिप्टी सीएम रहे टीएस सिंहदेव भी शामिल हैं. उन्हें अंबिकापुर से हार का सामना करना पड़ा. अपनी परंपरागत सीट से हारने के बाद टीएस सिंहदेव लगातार मीडिया से बात कर रहे हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि सरकार की तरफसे जनजातीय वर्ग को सहयोग नहीं मिल पाया।



## सीबीआई छत्तीसगढ़ में करेगी ताबड़तोड़ कार्रवाई:नितिन नवीन

**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन आज छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इस दौरान कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आज पदाधिकारियों की बैठक ले रहे है। बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि संगठनात्मक बैठक हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर भी बैठक आयोजित की गई हैं। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। बुलडोजर कार्रवाई पर बीजेपी प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि जो भी कानून तोड़ेगा उस पर कार्रवाई होगी, चाहे वो कोई भी हो।साथ ही उन्होंने पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने डिप्टी सीएम के पद को असंवैधानिक बताया इस मामले में कहा कि संविधान ने उनका जो हिसाब किया, पहले उसका ध्यान रखें। जनता ही संविधान बनाती हैं। नितिन नबीन ने कहा कि पूर्व मंत्री अकबर कवर्धा से लेकर रायपुर तक आतताई मचाए हुए थे। अब सबकी जांच होगी, अब उसकी चिंता करें। पहले सीबीआई को आने नहीं देते थे, अब सीबीआई भी आएगी और जांच भी होगी।



## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने नियमों में किया बड़ा बदलाव

**रायपुर, 28 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बढ़ी खबर सामने आ रही है जिसमें छत्तीसगढ़ बिजली विभाग ने एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। इसलिए सभी उपयोगकर्ताओं को सतर्क रहने की आवश्यकता है। नए नियम के तहत नया कनेक्शन लेना , पुराना कनेक्शन , बिजली विभाग द्वारा प्रदान किए गए कागजात, मीटर या बिजली बिल के बकाया राशि आदि संबंधी नियम शामिल है। इस बदलाव की वजह से बिजली उपभोक्ताओं को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। विभाग ने ओवर रीडिंग, जमा रीडिंग, खराब मीटर, लंबे समय तक रीडिंग नहीं होना, गलत बिलिंग, गलत सरचार्ज, हाफ बिल की छूट नहीं मिलना, स्लैब की छूट नहीं मिलना, गलत पोस्टिंग की शिकायत को भी शामिल किया गया है।छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के मुख्यालय ने एक आदेश जारी कर जेई, एई के हाथों के पावर छीन लिए हैं। जिसमें जेई को बिजली बिल सुधार का किसी प्रकार का अधिकार नहीं दिया गया है। एई सिर्फ 5000 तक बिल सुधार कर सकेगा । इसलिए उनका बिल ईई को भेजना होगा। इसमें समय लगना तय है, तब तक उपभोक्ताओं को बिजली ऑफिस का चक्कर काटना पड़ेगा । इससे उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से तकलीफ से गुजरना होगा । नई व्यवस्था प्रदेश के सभी जिलों के सभी जोन में लागू कर दी गई है । इसके साथ उपभोक्ताओं की परेशानी शुरू हो गई है । मीटर खराब होने पर खपत से अधिक औसत बिल आने पर सुधार के लिए प्रकरण कार्यालय भेजे जाने जा रहे हैं।




## क्रिप्टो करेंसी मामले के जांच में तेजी लाने के आदेश

**बिलासपुर,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** हाईकोर्ट ने ठगी के मामले की सुनवाई करते हुए रायपुर जिले में क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के नाम पर की गई लाखों की ठगी के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और जांच में तेजी लाने का आदेश पुलिस को दिया है।

पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है कि रायपुर और महासमुंद जिले में तेज कुमार पुरी और उनके साथियों ने कई लोगों से ठगी की है। उन्होंने क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने पर 6 माह में रुपए दोगुना करने का लालच दिया था।गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपियों ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एन के व्यास ने रायपुर पुलिस को निर्देश दिया है कि जालसाजी की जांच में तेजी लाई जाए, साथ ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।





### भिलाई स्टील प्लांट में आग

**दुर्ग,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** भिलाई स्टील प्लांट के आरएमपी 2 के किल्न में आग लगने की खबर है। आग बुझाने के लिए तत्काल दमकल वाहन लगाए गए। समय रहते कार्रवाई करने से हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, किल्न के मोटरों को मेंटनेंस के लिए बन्द रखा गया था. जमीन पर गिरे हुए ग्रीस आयल की वजह से आग लग गई।

## पीड़ित महिला ने राज्यपाल से मांगी इच्छा मृत्यु

**रायपुर,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** पति से विवाद होने के बाद घर से निकाली गई पीड़िता ने राज्यपाल से अपनी 5 साल की बेटी से मिलवाने की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने राज्यपाल के नाम लिखे पत्र में कहा है कि उनकी बेटी से मिलवा दीजिए वरना इच्छा मृत्यु दे दोजिए।

शिकायत में महिला ने अपने पति पर कई गंभीर आरोप लगाए है। जिसमें उन्होंने पति पर मारपीट कर धक्के मार कर घर से निकालने की बात कही है।

साथ ही महिला का आरोप है कि उसका पति 5 साल की बेटी को उससे मिलने नही दे रहा और बच्ची दहशत में जिंदगी जी रही है।



हालांकि पति-पत्नी के बीच इस पूरे विवाद की सुनवाई अभी रायपुर कोर्ट में जारी है। रायपुर के बैरनबाजार पीडब्ल्यूडी कॉलोनी की रहने वाली राखी सिन्हा ने बताया कि उनके पति अभिनव श्रीवास्तव के साथ शादी के कुछ समय बाद से लड़ाई झगड़ा चालू हो गया।

19 अक्टूबर को मेरे पति की एक निकट संबंधी के कारण घर में लड़ाई झगड़ा हुआ। फिर उन्होंने मेरे साथ मारपीट किया और घर से धक्के मार कर बाहर निकाल दिया। उन्होंने 5 साल की बेटी को अपने कस्टडी में रख लिया है। वे उसे लेकर अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे है।

## हार्डकोर नक्सली कमांडर के एनकाउंटर पर दो महिला कमांडो को मिला आउट ऑफ टर्न

**दंतेवाड़ा,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** दंतेवाड़ा जिले में महिला कमांडोज की टुकड़ी नक्सलियों के कोर इलाके में घुसीं, हार्डकोर नक्सली कमांडर हूंगा वट्टी का एनकाउंटर किया, अब सरकार ने इस टुकड़ी में से दो महिला कमांडोज को आउट ऑफ टर्न दिया है। सुनैना पटेल और रेश्मा कश्यप छत्तीसगढ़ और बस्तर की ही नहीं बल्कि देश की पहली ऐसी महिला कमांडोज हैं जिन्हें नक्सलियों का एनकाउंटर करने के बाद आउट ऑफ टर्न दिया गया है। ये दोनों दंतेवाड़ा में डीआरजी की दंतेश्वरी फाइटर्स में तैनात हैं।दंतेवाड़ा में साल 2021 में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, कटेकल्याण थाना क्षेत्र के जंगमपाल और गादम के बीच नक्सलियों का जमावड़ा है। यहां नक्सली कमांडर हूंगा वट्टी भी मौजूद है। सारे नक्सली हथियारों से लैस हैं। इसी सूचना के बाद दंतेवाड़ा पुलिस ने छ्त्रन्न की महिला कमांडोज को पुरुषों की टीम के साथ मौके के लिए रवाना किया था। डीआरजी की पुरुष और दंतेश्वरी फाइटर्स की महिला कमांडोज ने नक्सलियों को घेर लिया था।



## डॉक्टर की खराब हैंडराइटिंग से महिला को मिली गलत दवाई,हो गया गर्भपात

**बिलासपुर-रायपुर,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** डॉक्टर की हैंडराइटिंग कितना बड़ा अनर्थ कर सकती है, इसका ताजा उदाहरण सामने आया है। जहां डॉक्टर्स की गलत हैंडराइटिंग के कारण एक महिला का गर्भपात हो गया। इसके बाद कलेकटर ने डॉक्टर को अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में दवाईयां लिखने का आदेश जारी किया है।

रेडक्रास मेडिकल स्टोर के कर्मचारी ने गर्भवती को बेबी ग्रोथ के बजाए गर्भपात की दवाई दे दी थी, जिसे खाने के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई और उसका गर्भपात हो गया। महिला और उसके पति ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की थी। इस मामले की जांच कराई गई, तब पता चला कि रेडक्रॉस के कर्मचारी ने गलत दवाई दी थी।



जांच में यह भी पता चला है कि डॉक्टर साफसुथरी और स्पष्ट अक्षरों में दवाई का नाम नहीं लिखते, जिसके कारण कई बार मेडिकल स्टोर के कर्मचारी भी दवाइयों का नाम नहीं समझ पाते। वहीं, दवाई खरीदने वाले मरीज या उसके परिजन भी पर्ची से दवाई का मिलाने नहीं कर पाते। यही वजह है कि कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया।

## सर्चिंग पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने दागा देशी बैरल ग्रेनेड लांचर

**सुकमा,28 दिसम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही नक्सली आक्रामक होते दिख रही है। इसी बीच खबर सामने आई है, कि सर्चिंग पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने देशी बैरल ग्रेनेड लांचर दागा है।आए दिन नक्सलियों द्वारा आगजनी और आईईडी लगाने जैसे मामले सामने आ रहे हैं। यह पूरा मामला चिंतलानर थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है, कि जवान मोरपल्ली इलाके में कोबरा 201 बटालियन और ज़िला बल के जवान सर्चिंग पर निकले थे, तभी नक्सलियों ने भारी मात्रा में जवानों पर बीजीएल लांचर दागा। हालांकि सभी जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वहीं, जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग निकले। एसपी किरण चव्हाण ने मामले की पुष्टि की है।

बता दें कि कुछ दिन पहले भी डीआरजी और बटालियन के जवानों के बीच नक्सलियों मुठभेड़ की खबर सामने आई थी। इस मुठभेड़ में 5 से 6 नक्सलियों को गोली लगी थी। इस दौरान जवानों ने भारी मात्रा में नक्सलियों की सामग्री भी बरामद की थी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)